Shri Maha Mantraraja Stotram Shri Ramanama Stotram with Hindi Meaning

श्रीमहामन्त्रराजस्तोत्रं अथवा श्रीरामनामस्तोत्रम् सार्थम्

Document Information

Text title : Maha Mantraraja Stotram or Ramanama Stotram with Hindi Meaning

File name : mahAmantrarAjastotram.itx

Category : raama, mantra

Location : doc_raama

Author : lakShmaNashAstri

Proofread by : Aruna Narayanan

Translated by : rAmanAraNadatta shAstrI rAma

Latest update : November 1, 2024

Send corrections to : sanskrit at cheerful dot c om

This text is prepared by volunteers and is to be used for personal study and research. The file is not to be copied or reposted without permission, for promotion of any website or individuals or for commercial purpose.

Please help to maintain respect for volunteer spirit.

Please note that proofreading is done using Devanagari version and other language/scripts are generated using **sanscript**.

November 2, 2024

sanskritdocuments.org

श्रीमहामन्त्रराजस्तोत्रं अथवा श्रीरामनामस्तोत्रम् सार्थम्

श्रीरामो विजयते ।

मङ्गलाचरणम्

नत्वा जगत्पतिमिदं रचये त्वदीयं
स्तोत्रं (१) वसन्ततिलकाह्वयवृत्तजुष्टम् ।
(१. अस्मिन् स्तोत्रे वसन्ततिलकावृत्तं सर्वत्रास्ति ।
तल्लक्षणं वृत्तरत्नाकरे प्रोक्तम्-
उक्ता वसन्ततिलका तभजा जगौगः सिंहोद्धतेयमुदिता मुनिकाश्यपेन ।
उद्धर्षणीति गदिता मुनिसैकतेन श्रीपिङ्गलेन कथिता मधुमाधवीति ॥)
श्रीराम राम "कविसंस्तुत" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १॥

श्रीविष्णुचरित्रवर्णनम्

श्रीविष्णुरूपमधिगम्य भवान् समस्तं
विश्वं च पाति सततं धृतसत्त्वशक्तिः ।
श्रीराम राम "कृतरक्षण" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ २॥

पूर्वं भवान् दिविषदां परमं सपत्नं
नाम्ना मधुं निहतवान् दितिजं सुदुष्टम् ।
श्रीराम राम "मधुसूदन" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ३॥

हर्त्तुं श्रुतीः कृतमतिं च भवान् भवादौ

दैत्यं पुरा निहतवान् किल कैटभाख्यम् ।
श्रीराम राम “हतकैटभ” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ४॥

साधून् भवानवति नैकविधैः स्वरूपैः
संसारविप्लवकरांश्च निहन्त्यसाधून् ।
श्रीराम राम “भववर्द्धन” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ५॥

धर्मं भवानवति कालबलेन लुप्तं
स्वायम्भुवादिकनृपैश्च निजांशभूतैः ।
श्रीराम राम “वृषरक्षक” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ६॥

शास्त्राण्यधर्मनिरतैः कलुषीकृतानि
त्वं सर्वदाऽऽप्तवचनैर्विशदीकरोषि ।
श्रीराम राम “विमलीकर” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ७॥

वव्रे पुरातिचतुरा हि समुद्रकन्या
हित्वा परान् सुरवरांश्च भवन्तमेव ।
श्रीराम राम “कमलावृत” राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ८॥

ब्रह्मचरित्रवर्णनम्

धृत्वा भवान् द्रुहिणमूर्त्तिमनन्यलब्ध्यां
विश्वं ससर्ज निखिलं च रजोगुणेन ।
श्रीराम राम “सृजतां वर” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ९॥

शिवचरित्रवर्णनम्

धृत्वा महेश्वरतनुं च तमोगुणेन
विश्वं हरिष्यति भवान् सहसा समग्रम् ।

श्रीराम राम “भवनाशक” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १०॥

अवतार-चरित्रवर्णनम्

त्वं दंष्ट्रया प्रलयकालजले निमग्नां
पातालतो वसुमतीं सहसोज्जहर्थ ।
श्रीराम राम “वसुधाधर” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ११॥

स्वायम्भुवस्य तनयातनयोऽथ यज्ञो
भूत्वा भवान् सुरगणान् सुयमान् पुरापात् ।
(यथाऽऽह भागवते-स यामाद्यैः सुरगणैरपात् स्वायम्भुवान्तरमिति ।)
श्रीराम राम “सुररक्षक” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १२॥

त्वं कर्दमस्य तनुजः कपिलोऽथ भूत्वा
प्राचीकटः क्षितितले खलु साङ्ख्यशास्त्रम् ।
श्रीराम राम “मुनिपुङ्गव” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १३॥

भूत्वा त्वमत्रितनुजो विदितोऽथ दत्तः
प्राचीकशः क्षितितले नियमान् मुनीनाम् ।
श्रीराम राम “शमिनां वर” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १४॥

धृत्वा पुरा खलु भवान् सनकादिरूपं
दध्रे व्रतं च कठिनं प्रथमाश्रमस्य ।
श्रीराम राम “कठिनव्रत” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १५॥

नारायणो नर इति प्रथितो द्विमूर्ति-
स्तेपे भवाञ्छिवकरं हि तपोऽतितीव्रम् ।
श्रीराम राम “तपतां वर” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १६॥

उत्तानपादतनयः कृपया तवैव
लेभे ध्रुवो ध्रुवपदं त्रिदशैकवन्द्यम् ।
श्रीराम राम "करुणाकर" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १७॥

भूत्वा पृथुस्त्वमवनौ प्रथितप्रभावः
पृथ्वीं दुदोहिथ पुरा जनताहिताय ।
श्रीराम राम "जनतेष्टद" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १८॥

भूत्वर्षभो नृपवरस्य गृहे च नाभेः
प्रादीदृशः परमहंसपथं पुरा त्वम् ।
श्रीराम राम "मुनिपूजित" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १९॥

सत्रे विधातुरुदभूच्च भवान् हयास्यो
यच्छ्वासतः समभवञ्छ्रुतयः समस्ताः ।
श्रीराम राम "हयमस्तक" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ २०॥

त्वं प्रत्यदाः प्रलयकालजलेऽथ लुप्तान्
मत्स्यात्मना निखिलवेदगणान् विधात्रे ।
श्रीराम राम "सलिलेचर" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ २१॥

पृष्ठेन मन्दरगिरिं किल कूर्ममूर्त्या
पूर्वं भवानमरदैत्यकृते दधार ।
श्रीराम राम "धृतमन्दर" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ २२॥

सत्यं विधातुमवनौ निजभक्तवाक्यं
स्तम्भादजायत भवान् नृहरिस्वरूपः ।
श्रीराम राम "जगदात्मक" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ २३॥

पूर्वं त्रिकूटशिखरे गजराजमेकं
ग्राहादमोचयदमोघबलो भवांश्च ।

श्रीराम राम “गजरक्षक” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ २४॥

भूत्वा भवान् कपटवामनरूपधारी
भूमिं बलेश्च हृतवांस्त्रिपदच्छलेन ।
श्रीराम राम “विबुधेष्टद” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ २५॥

ज्ञानं भवानुपदिदेश पुरा मुनिभ्यो
हंसस्वरूपमवलम्ब्य निगूढतत्त्वम् ।
श्रीराम राम “मुनिवन्दित” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ २६॥

धृत्वा भवान् प्रतियुगं मनुरूपमेवं
पाति प्रजाः खलु खलान् निखिलान् निहन्ति ।
श्रीराम राम “जनपालक” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ २७॥

धन्वन्तरिः क्षितितलेऽत्र भवांश्च भूत्वा
नाम्ना नृणां गदगणं सततं क्षिणोति ।
श्रीराम राम “गदनाशक” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ २८॥

भूत्वा पुरा भृगुकुले किल पर्शुराम-
स्त्वं नैकवारमवधीर्नृपतीन् नृशंसान् ।
श्रीराम राम “भृगुनन्दन” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ २९॥

भूत्वा भवान् रघुकुले किल रामनाम्ना
लङ्केश्वरं निहतवान् जगतां हिताय ।
श्रीराम राम “रघुनन्दन” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ३०॥

भूत्वा भवान् यदुकुले किल कृष्णनामा
कंसादिकान् निहतवान् नितरां नृशंसान् ।
श्रीराम राम “यदुनन्दन” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ३१॥

भूत्वा पराशरसुतोऽथ भवान् सुगूढं
व्यासाह्वयःश्रुतिगणं सरलं व्यधत्त ।
श्रीराम राम “मुनिनायक” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ३२॥

पूर्वं भवान् क्षितितले खलु बुद्धनामा
भूत्वातिशुद्धचरितोऽकृत जीवरक्षाम् ।
श्रीराम राम “विजितेन्द्रिय” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ३३॥

कल्किस्वरूपमधिगम्य भवान् युगान्ते
नष्टं करिष्यति नृणां कलिकालकष्टम् ।
श्रीराम राम “कलिनाशक” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ३४॥

नवधा भक्तिवर्णनम्

श्रुत्वा पुरातिविमलं चरितं त्वदीयं
राजा परीक्षिदभिधो हरिलोकमापत् ।
श्रीराम राम “नृपमोक्षद” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ३५॥

त्वत्कीर्तनं सकलमङ्गलवृन्दमूलं
प्रोक्तं बुधैर्निखिलपापविनाशबीजम् ।
श्रीराम राम “शिवकीर्तन” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ३६॥

त्वत्संस्मृतिर्हरति भीतिमरातिजाता-
मेवं वदन्ति मुनयो विदितेतिहासाः ।
श्रीराम राम “रिपुभीहर” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ३७॥

त्वत्पादसेवनबलं प्रबलं च लब्ध्वा
जिग्युः पुरेन्द्रियबलं सबलं मुनीन्द्राः ।

श्रीराम राम “जयदायक” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ३८॥

कृत्वार्चनं तव विभो बहवो मुनीन्द्राः
प्रापुर्गतिं च परमामपरैरलभ्याम् ।
श्रीराम राम “सुजनार्चित” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ३९॥

नत्वैकदापि भवतश्चरणारविन्दं
प्राप्नोति नैव विपदं पुरुषः कदापि ।
श्रीराम राम “विपदाहर” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ४०॥

त्वद्दासभावनिरतोऽथ पुराम्बरीषः
शत्रुं जिगाय निजमत्रिसुतं ह्यजेयम् ।
श्रीराम राम “नृपपालक” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ४१॥

मित्रत्वमात्रगुणतो भवतोऽर्जुनाद्या
राज्यादिसम्पदमवापुरनन्यलभ्याम् ।
श्रीराम राम “सखिवल्लभ” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ४२॥

कुर्वन्नरः सततमात्मनिवेदनं ते
प्राप्नोति मुक्तिमचिरेण विना प्रयासम् ।
श्रीराम राम “जनमुक्तिद” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ४३॥

श्रीविष्णुविशेषता

त्वत्पुण्यनाममहिमानमनन्तपारं
शेषोऽप्यशेषवदनैर्गदितुं न शक्तः ।
श्रीराम राम “महिमोर्जित” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ४४॥

श्रीरामचरित्रम्

पूर्वं भवान् दशरथस्य गृहेऽर्कवंशे
कौशल्यया समभवत् खलु रामनामा ।
श्रीराम राम “रविवंशज” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ४५॥

सूते स्म चाश्वपतिजा भरतं प्रियं ते
श्रीलक्ष्मणं रिपुहणं च सुतं सुमित्रा ।
श्रीराम राम “सहजाग्रज” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ४६॥

त्वज्जन्मनाथ समभून्नगरी त्वयोध्या
लोकत्रये विदितपावननामधेया ।
श्रीराम राम “सुयशःप्रद” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ४७॥

भ्रातृत्रयेण सहितोऽथ भवान् स्वपुर्यां
क्रीडाश्चकार विविधाः सुरवृन्दवन्द्याः ।
श्रीराम राम “जनरञ्जन” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ४८॥

स्वल्पीयसा च समयेन भवान् वसिष्ठाद्
विद्याः पपाठ सकला निखिलाः कलाश्च ।
श्रीराम राम “पठतां वर” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ४९॥

नीतो भगवान् कुशिकवंशविभूषणेन
हन्तुं निशाचरगणं मखविघ्नहेतुम् ।
श्रीराम राम “हतराक्षस” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ५०॥

गत्वा स्वपादरजसाथ विधूतपापां
पूर्वं भवानकृत गौतमधर्मपत्नीम् ।
श्रीराम राम “हतकल्मष” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ५१॥

निर्भज्य शङ्करधनुस्त्वमशङ्कयैव
सीताकरग्रहणमङ्गलमाप्तवान् वै ।
श्रीराम राम “कृतमङ्गल” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ५२॥

मार्गे व्रजन् विजितवान् किल जामदग्न्यं
पूर्वं भवान् नृपरिपुं च विवृद्धदर्पम् ।
श्रीराम राम “जितभार्गव” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ५३॥

पित्राज्ञयातिविपुलं च विसृज्य राज्यं
सेहे भवान् बहुसमा वनवासकष्टम् ।
श्रीराम राम “दृढसंश्रव” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ५४॥

भूपस्त्वयि प्रियतमे च वनं प्रयाते
शोकाकुलोऽथ गतवान् किल देवलोकम् ।
श्रीराम राम “जनकप्रिय” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ५५॥

गङ्गातटे निवसता हि गुहाभिधेन
दाशाधिपेन च भवान् बहु सत्कृतोऽभूत् ।
श्रीराम राम “गुहपूजित” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ५६॥

सस्नौ भवान् सकलतीर्थवरे प्रयागे
यद्दर्शनादपि जनो लभतेऽपवर्गम् ।
श्रीराम राम “शिवदर्शन” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ५७॥

भ्रात्रा युतो जनकजासहितो भवान् वै
द्वाजं मुनिं च भरपूर्वपदं ववन्दे ।
श्रीराम राम “मुनिसत्कृत” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ५८॥

भ्रात्रा युतो दयितया च भवान् पुरा वै
स्थातुं चिराय समगादथ चित्रकूटम् ।

श्रीराम राम “विपिनप्रिय” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ५९॥

आगत्य मातुलगृहाद् भरतस्त्वयोध्यां
दृष्ट्वा स्वतातनिधनं व्यथितस्तदाभूत् ।
श्रीराम राम “भरताग्रज” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ६०॥

भ्रात्रार्थितो विपिनमेत्य भवान् पुरा वै
वाक्यं प्रतिश्रुतमहो न विहातुमैच्छत् ।
श्रीराम राम “निशितव्रत” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ६१॥

कृत्वाऽऽग्रहं च भरतस्तव पादुके वै
लब्ध्वा प्रणम्य च तदा गतवानयोध्याम् ।
श्रीराम राम “सहजप्रिय” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ६२॥

प्रत्यागतोऽथ भरतस्तव पादुकाभ्यां
राज्यं समर्प्य मुदितो विदधे स्वकार्यम् ।
श्रीराम राम “शिवपादुक” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ६३॥

त्वद्दर्शनेन मुदितः शरभङ्गनामा
हुत्वा स्वदेहमनले हरिलोकमाप ।
श्रीराम राम “मुनिमुक्तिद” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ६४॥

हत्वा वनेचरविनाशकरं विराधं
निक्षिप्तवान् खलु भवान् क्षितिगर्भगर्ते ।
श्रीराम राम “खलनाशक” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ६५॥

पूर्वं सुतीक्ष्णमुनिनातितपस्विना त्वं
प्रीत्या निजाश्रममितोऽथ सभाजितोऽभूः ।
श्रीराम राम “मुनिनन्दित” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ६६॥

पूर्वं भवांश्च मुनिनाथ घटोद्भवेन
भ्रात्रा स्त्रिया च सहितो बहुसत्कृतोऽभूत् ।
श्रीराम राम “मुनिमानित” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ६७॥

गोदावरीतटसमीपगपञ्चवट्यां
चक्रे भवान् बहुसमा वसतिं स्वकीयाम् ।
श्रीराम राम “ऋषिसंस्तुत” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ६८॥

नद्या जलेऽतिविमले च निशान्तकाले
सस्नौ भवान् प्रतिदिनं जनशिक्षणाय ।
श्रीराम राम “जनशिक्षक” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ६९॥

चक्रे च शास्त्रविहिताः सकलाः क्रियाश्च
शून्ये वने खलु भवान् जगतां हिताय ।
श्रीराम राम “गृहिणां वर” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ७०॥

पूर्वं वने स्थितवता भवतानुजाय
प्रीत्या कथाश्च कथिता भरतस्य नैकाः ।
श्रीराम राम “भरतप्रिय” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ७१॥

श्रीलक्ष्मणस्त्वदनुजो भवतानुशिष्ट-
श्चक्रेऽसिना सपदि शूर्पणखां विरूपाम् ।
श्रीराम राम “खलदण्डद” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ७२॥

एकाक्यपि द्विगुणसप्तसहस्रसङ्ख्यान्
रात्रिञ्चरान् निहतवांश्च भवानरण्ये ।
श्रीराम राम “हतदुर्जन” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ७३॥

घोरे वने निवसता भवता हि पूर्वं

दुष्टा हताश्च सुखिनो विहिता विशिष्टाः ।
श्रीराम राम “सुजनप्रिय” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ७४॥

पूर्वं निशाचरगणान् निहतान् निरीक्ष्य
त्वां तुष्टुवुर्मुनिगणा विपिनेऽभिगम्य
श्रीराम राम “मुनिसंस्तुत” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ७५॥

मायासुवर्णहरिणो भवता हतश्च
हा लक्ष्मणेति विलपन् हरिलोकमाप्तः ।
श्रीराम राम “शठनाशक” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ७६॥

श्रुत्वा स्वबन्धुनिधनं कुपितो नितान्तं
लङ्केश्वरोऽथ हृतवान् दयितां त्वदीयाम् ।
श्रीराम राम “दयिताप्रिय” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ७७॥

शून्याद् वनाद् दशमुखेन निनीयमाना
हीना त्वया जनकराजसुता ह्यवोचत् ।
श्रीराम राम “शरणप्रद” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ७८॥

हत्वा मृगं प्रतिगतोऽथ भवान् स्ववासं
शून्यं विलोक्य रहितोऽपि शुचा शुशोच ।
श्रीराम राम “पुरुषोत्तम” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ७९॥

लङ्केश्वरेण निहतो विकलो जटायु-
स्त्वद्दर्शनात् सपदि मुक्तिपदं प्रपेदे ।
श्रीराम राम “खगमुक्तिद” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ८०॥

पूर्वं वने विपिनजन्तुभुजं कबन्धं
हत्वातिविस्तृतभुजं च भवानधाक्षीत् ।
श्रीराम राम “रिपुदाहक” राम राम

श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ८१॥

पम्पासरोवरसमीपनिवासिनी त्वां
भक्त्या प्रणम्य शबरी समभूत् कृतार्था ।
श्रीराम राम “शबरीनुत” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ८२॥

दृष्ट्वा वने च शरचापधरं भवन्तं
भीतोऽर्कजः प्रहितवान् मरुतस्तनूजम् ।
श्रीराम राम “कपिशर्मद” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ८३॥

त्वामृष्यमूकशिखरे च सहानुजं वै
वातात्मजः स्वभुजयोरधिवेश्य निन्ये ।
श्रीराम राम “हरिवाहन” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ८४॥

सुग्रीवनामककपिप्रवरेण साकं
सख्यं भवांश्च कृतवान् हुतभुक्समक्षम् ।
श्रीराम राम “सखिताप्रद” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ८५॥

त्वं वालिनं निहतवान् स्वजनप्रियार्थं
छन्नोऽतिदर्पसहितं प्रबलं शरेण ।
श्रीराम राम “हतजिष्णुज” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ८६॥

राज्यं चिराभिलषितं प्रददौ च सख्ये
तुष्टो भवानतिबलः करुणैकमूर्त्तिः ।
श्रीराम राम “हरिराज्यद” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ८७॥

त्वत्प्रेयसीं जनकराजसुतां विचिक्युः
सुग्रीवसूचितपथानुगता हरीशाः ।
श्रीराम राम “विचितप्रिय” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ८८॥

त्वच्छासनाप्तबलतोऽरिपुरे प्रिया ते
दृष्टा मयेत्यनिलजोऽकथयद् भवन्तम् ।
श्रीराम राम “विदितप्रिय” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ८९॥

गत्वा भवांश्च हरिसैन्ययुतोऽब्धितीरं
दृष्ट्वा च तं जलनिधिं न भयान्वितोऽभूत् ।
श्रीराम राम “भयभीतिद” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ९०॥

त्वामाश्रितोऽभवदपाम्पतितीरयातं
भ्राता निशाचरपतेश्च विभीषणाख्यः ।
श्रीराम राम “शिवदाश्रय” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ९१॥

सम्प्रार्थितोऽपि जलधिर्न ददौ यदा ते
मार्गं तदा त्वमथ तं विनिहन्तुमैच्छः ।
श्रीराम राम “बलिनां वर” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ९२॥

भीतो निरीक्ष्य नितरां कुपितं भवन्तं
मार्गं ददौ नतशिरा भवते समुद्रः ।
श्रीराम राम “विजितार्णव” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ९३॥

तीर्त्वा नलाभिधहरीशविनिर्मितेन
त्वं सेतुनाथ गतवान् सबलो हि लङ्काम् ।
श्रीराम राम “बलतारक” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ९४॥

त्वं रावणं निहतवांस्त्रिदशैकशत्रुं
सीतापहारगुरुपातकनष्टपुण्यम् ।
श्रीराम राम “हतरावण” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ९५॥

लङ्केश्वरेऽमररिपौ निहतेऽतिवीर्ये
त्वामस्तुवन् विधिमुखास्त्रिदशाः समेताः ।

श्रीराम राम “विधिसंस्तुत” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ९६॥

राज्यं स्वभक्तिनिरताय विभीषणाय
प्रादाद् भवान् सकलभूस्थितराक्षसानाम् ।
श्रीराम राम “निजराज्यद” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ९७॥

श्रीकृष्णचरित्रम्

पूर्वं भवान् यदुकुले खलु कृष्णनामा
भूत्वा कुलं स्वजनुषा कृतवान् पवित्रम् ।
श्रीराम राम “कुलपावन” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ९८॥

मासत्रयादपि बह्ूनवयाः पुरा च
त्वं पूतनां निहतवानतिदुष्टचित्ताम् ।
श्रीराम राम “हतपूतन” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ९९॥

पूर्वं व्रजेन्द्रतनयोऽथ भवान् व्रजे वै
भूत्वासुरं निहतवान् बलिनं बकाख्यम् ।
श्रीराम राम “बकनाशक” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १००॥

पूर्वं निगृह्य भुजगं यमुनाजलस्थं
तन्नैकमूर्धसु भवान् मुदितो ननर्त ।
श्रीराम राम “फणिनर्तक” राम राम ।
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १०१॥

श्रीगोकुलेशतनयोऽथ भवांश्च भूत्वा
त्वं केशिनं निहतवान् किल कंसभृत्यम् ।
श्रीराम राम “हयदारण” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १०२॥

पूर्वं भवान् निहतवान् मथुरानगर्यां

पीडाह्वयं कुवलयादिपदं गजेन्द्रम् ।
श्रीराम राम “गजमुक्तिद” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १०३॥

पूर्वं भवांश्च वसुदेवगृहेऽवतीर्य
कंसं स्वमातुलमपि न्यवधीत् सुदुष्टम् ।
श्रीराम राम “हतमातुल” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १०४॥

सान्दीपनेरथ गुरोस्त्वमधीत्य विद्या-
स्तस्मै ह्यदा मृतसुतं गुरुदक्षिणार्थम् ।
श्रीराम राम “मृतपुत्रद” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १०५॥

पूर्वं विजित्य शिशुपालजरासुतादीञ्-
छ्रीरुक्मिणीमथ भवान् हृतवान् बलेन ।
श्रीराम राम “दयिताहर” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १०६॥

सन्त्रासितां कुपुरुषैः कुरुभिः पुरा वै
त्वं द्रौपदीमवितवान् स्मृतमात्र एव ।
श्रीराम राम “करुणार्णव” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १०७॥

भौमासुरस्य नगरे ससुतं वसन्तं
पूर्वं भवान् मुरमहन् धृतपञ्चवक्त्रम् ।
श्रीराम राम “मुरमर्दन” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १०८॥

पूर्वं भवान् निहतवान् किल पीठमुख्यान्
प्राग्ज्यौतिषाख्यनगराधिपतेश्च भृत्यान् ।
श्रीराम राम “निहतासुर” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १०९॥

पूर्वं भवान् निहतवान् गिरिदुर्गगुप्तं
प्राग्ज्यौतिषाख्यनगराधिपतिं च भौमम् ।
श्रीराम राम “हतभूसुत” राम राम

श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ११०॥

भौमाहृता नृपसहस्रसुता अवृण्वन्
निर्मोचिताश्च भवताथ भवन्तमेव ।
श्रीराम राम “वनितावृत” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १११॥

स्वर्गं खगेन्द्रमधिरुह्य गतस्त्वमग्रे
कल्पद्रुमं दयितयेप्सितमाजहर्थ ।
श्रीराम राम “दयितेष्टद” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ११२॥

प्रागर्जुनस्य रथसारथितामुपेत्य
प्रादाज्जयं च विजयाय भवान् रणाग्रे ।
श्रीराम राम “विजयप्रद” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ११३॥

गत्वाथ शोणितपुरं शिवशक्तिगुप्तं
बाणासुरं विजितवांश्च भवान् पुरा वै ।
श्रीराम राम “जितशङ्कर” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ११४॥

पूर्वं भवांश्च वसुदेवसुतोऽथ भूत्वा
मात्रार्थितो मृतसुतान् प्रददावमुष्यै ।
श्रीराम राम “जननीष्टद” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ११५॥

कविक्षमाप्रार्थना

स्तोत्रेऽथ चित्ररचने यदि काप्यशुद्धि-
स्तत्क्षन्तुमर्हति भवानिति मेऽर्थनास्ति ।
श्रीराम राम “कवियाचित” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ११६॥

श्रीरामपूर्वसुखदासमहाशयानां
प्रेम्णो बलेन खलु लक्ष्मणशास्त्रिणेदम् ।

शाकेऽष्टनागगजभूमिमिते कृतं ते
स्तोत्रं हरे ! भवतु भक्तजनैकजप्यम् ॥ ११७॥

एतत्स्तवस्य पठनाच्छशिनेत्रसङ्ख्या-
च्छ्वासैर्मितः प्रतिदिनं पठतां जनानाम् ।
जापो ध्रुवं भवति मञ्जुलरामनाम्नां
भोगापवर्गफलसिद्धिकरः सुखेन ॥ ११८॥

इति पण्डितप्रवर श्रीलक्ष्मणशास्त्रिणा विरचितं
श्रीमहामन्त्रराजस्तोत्रं अथवा श्रीरामनामस्तोत्रं सम्पूर्णम् ।

Proofread by Aruna Narayanan

Shri Maha Mantraraja Stotram Shri Ramanama Stotram with Hindi Meaning

श्रीमहामन्त्रराजस्तोत्रं अथवा श्रीरामनामस्तोत्रम् सार्थम्

हिन्दी

॥ श्रीरामो विजयते ॥

मङ्गलाचरण

श्रीराम ! राम ! मैं जगत्पति श्रीरामजीको नमस्कार करके वसन्त-तिलका नामक छन्दसे युक्त आपके इस स्तोत्र की रचना करता हूँ । कवियों द्वारा प्रशंसित राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (मैं आपको प्रणाम करता हूँ ।) ॥ १॥

श्रीविष्णुचरित्रवर्णन

श्रीराम ! राम ! श्रीविष्णुभगवान् का रूप ग्रहण करके अपने में सत्त्वमयी शक्ति धारणकर आप सदा समस्त विश्व का पालन करते हैं । जगत् की रक्षा करनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ २॥

श्रीराम ! राम ! पूर्वकालमें आपने देवताओं के बहुत बड़े शत्रु अत्यन्त दुष्ट मधु नामक दैत्य को मार डाला था । मधुसूदन राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ३॥

श्रीराम ! राम ! आपने पूर्वकाल में जब कि इस कल्प का आरम्भ हो रहा था, श्रुतियों के अपहरण का विचार मन में लानेवाले कैटभ नामक दैत्य को नष्ट किया था । कैटभहन्ता राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ४॥

श्रीराम ! राम ! आप अनेक प्रकारके स्वरूप धारण करके साधु पुरुषों की रक्षा करते हैं और संसारमें उपद्रव करने वाले दुष्टों का आप संहार कर डालते हैं । लोक का अभ्युदय करनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ५॥

श्रीराम ! राम ! आप कालके बल से लुप्त हुए धर्म की अपने अंशभूत-स्वायम्भुव मनु आदि नरेशों द्वारा रक्षा करते हैं । धर्मरक्षक राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ६॥

श्रीराम ! राम ! आप पापपरायण पुरुषों द्वारा कलुषित किये गये शास्त्रों को सदा आप्त वचनों द्वारा विशद (निर्मल) बनाते हैं । निर्मल करनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ७॥

श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में अत्यन्त चतुरा समुद्रकन्या लक्ष्मी ने दूसरे श्रेष्ठ देवताओं को त्यागकर आपका ही वरण किया था । कमलावृत राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ८॥

ब्रह्मचरित्रवर्णन

श्रीराम ! राम ! आपने ब्रह्माजी का स्वरूप, जो दूसरे को नहीं प्राप्त है, धारणकर रजोगुणके द्वारा सम्पूर्ण जगत् की सृष्टि की है । स्रष्टाओं में श्रेष्ठ राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ९॥

शिवचरित्रवर्णन

श्रीराम ! राम ! आप महादेवजी का स्वरूप (अर्थात् रुद्ररूप) धारण करके तमोगुण के द्वारा सहसा समस्त विश्व का संहार कर डालेंगे । विश्व-संहारक राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १०॥

अवतार-चरित्रवर्णन

श्रीराम ! राम ! प्रलयकाल में जल के भीतर डूबी हुई पृथ्वी को वराहरूपधारी आप अपनी दाढ़ से सहसा उठाकर पाताल से ऊपर ले आये । इस प्रकार आपने इसका उद्धार किया । वसुधाधारी राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ११॥

श्रीराम ! राम ! आपने स्वायम्भुव मनु की पुत्री आकूति के गर्भ से उसके पुत्ररूप में यज्ञ नामक अवतार ग्रहण करके याम आदि सुरगणों के साथ स्वायम्भुव मन्वन्तर की रक्षा की । देवताओं की रक्षा करनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १२॥

श्रीराम ! राम ! आपने कर्दमकुमार कपिलरूप से अवतार लेकर भूतल पर साङ्ख्यशास्त्रको प्रकट किया था । मुनिशिरोमणि कपिलरूप राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १३॥

श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में अत्रिके पुत्र होकर आप दत्तात्रेय के नामसे विख्यात हुए और भूतल पर आपने मुनियों के नियम प्रकाशित किये । शम-(मनोनिग्रह-) से सम्पन्न महात्माओं में सर्वश्रेष्ठ राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १४॥

श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में आपने सनकादि-(सनक, सनन्दन, सनातन, सनत्कुमार-) का रूप धारण करके ब्रह्मचर्याश्रम के कठिन व्रत को धारण किया था । कठिन व्रतधारी राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १५॥

श्रीराम ! राम ! आपने नारायण और नर-इन दो रूपों में प्रख्यात होकर अत्यन्त तीव्र एवं कल्याणकारी तप का अनुष्ठान किया । तपस्वीजनों में श्रेष्ठ राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १६॥

श्रीराम ! राम ! राजा उत्तानपाद के पुत्र ध्रुव ने आपकी ही कृपासे देवताओं के लिये एकमात्र वन्दनीय ध्रुवपद को प्राप्त किया था । करुणाकर राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १७॥

श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में पृथ्वी पर राजा पृथु के रूप में अवतीर्ण हो आपने अपने प्रभाव का विस्तार किया और जनता के हित के लिये गोरूपधारिणी पृथ्वी का दोहन किया । जनताके अभीष्ट दाता राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १८॥

श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल की बात है, आपने नृपतिश्रेष्ठ नाभि के घर में ऋषभदेव के रूप में अवतीर्ण हो परमहंसों के आदर्श पथ का प्रदर्शन किया । मुनिपूजित राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १९॥

श्रीराम ! राम ! आप ब्रह्माजी के यज्ञ में भगवान् हयग्रीव के रूप में अवतीर्ण हुए, जिनके श्वास से समस्त श्रुतियाँ आविर्भूत हुईं । हयग्रीव-रूपधारी राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ २०॥

श्रीराम ! राम ! आपने मत्स्यरूप में अवतार लेकर प्रलयकाल के जल में लुप्त हुए समस्त वेद ढूँढ निकाले और ब्रह्माजी को पुनः लौटा दिये । प्रलयकालिक जलराशि में विचरनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ २१॥

श्रीराम ! राम ! पूर्वकालमें आपने कूर्मरूप धारण करके देवताओं तथा दैत्यों के हित के लिये अपनी पीठ पर निश्चय ही मन्दराचल धारण किया था । मन्दराचलधारी राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ २२॥

श्रीराम ! राम ! आपने भूतल पर अपने भक्त की वाणी को सत्य कर दिखानेके लिये नृसिंहरूप धारण करके खम्भ से अपने-आपको प्रकट किया । जगत्स्वरूप राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ २३॥

श्रीराम ! राम ! आपका बल अमोघ है, आपने पूर्वकालमें त्रिकूट पर्वत के शिखर पर एक गजराज को ग्राह के मुख से छुड़ाया था । गजरक्षक राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ २४॥

श्रीराम ! राम ! आपने मायासे वामनरूप धारण करके तीन पग के बहाने राजा बलि से सारी पृथ्वी ही ले ली । देवताओं को अभीष्ट वर देने वाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ २५॥

श्रीराम ! राम ! पूर्वकालमें हंसका स्वरूप धारण करके आपने मुनियों को निगूढ तत्त्वज्ञानका उपदेश दिया था । मुनिवन्दित राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ २६॥

श्रीराम ! राम ! आप प्रत्येक युगमें मनु का रूप धारण करके निश्चय ही प्रजाजनों का पालन तथा समस्त दुष्टों का नाश करते हैं । जनपालक राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ २७॥

श्रीराम ! राम ! आप इस भूतलपर धन्वन्तरिके नामसे अवतीर्ण हो सदा ही मनुष्यों के रोग-समूह का विनाश करते रहे हैं । रोगनाशक राम राम । श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ २८॥

श्रीराम ! राम ! यह प्रसिद्ध है कि आपने पूर्वकाल में भृगुकुल में परशुराम नाम से अवतीर्ण हो अनेक बार यहाँ के नृशंस (निर्दय) नरेशों का वध किया था । भृगुकुलनन्दन राम राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ २९॥

श्रीराम ! राम ! निश्चय ही रघुकुल में राम-नामसे अवतीर्ण हो आपने तीनों लोकों के हित के लिये लङ्कापति रावण का वध किया था । रघुनन्दन राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ३०॥

श्रीराम ! राम ! यह भी प्रसिद्ध है कि आपने यदुकुल में श्रीकृष्णनाम से अवतार लेकर कंस आदि अत्यन्त क्रूर असुरों का संहार किया । यदुकुलनन्दन राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये

शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ३१॥

श्रीराम ! राम ! आपने पराशरपुत्र व्यासके नामसे प्रसिद्ध हो अत्यन्त गूढ अभिप्रायवाली श्रुतियों को सरल-सुबोध बनाया । मुनिनायक राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ३२॥

श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में भूतल पर बुद्धनाम से अवतीर्ण हो अत्यन्त शुद्धचरित्र रहकर आपने जीवों की रक्षा की (अहिंसा का उपदेश दिया) । इन्द्रियविजयी राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ३३॥

श्रीराम ! राम ! आप कलियुग के अन्त में कल्किस्वरूप धारणकर मनुष्यों के कलिकालजनित कष्ट को नष्ट करेंगे । कलिनाशक राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है) ॥ ३४॥

नवधा भक्तिवर्णन

श्रीराम ! राम ! पूर्वकालमें परीक्षित् नाम वाले राजा आपके अत्यन्त निर्मल चरित्रको सुनकर विष्णुधामको प्राप्त हो गये । नरेश को मोक्ष देनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ३५॥

श्रीराम ! राम ! आपके नाम, गुण और लीलाओं का कीर्तन समस्त मङ्गलसमुदायका मूल है तथा सम्पूर्ण पापों के विनाश का मुख्य कारण है - यह बात विद्वान् पुरुषों ने बतायी है । मङ्गलमय कीर्तनवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ३६॥

श्रीराम ! राम ! आपका स्मरण शत्रुजनित भय को हर लेता है, इतिहास के ज्ञाता मुनि ऐसा कहते हैं । शत्रुभयहारी राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ३७॥

श्रीराम ! राम ! आपके चरणों की सेवारूप प्रबलशक्ति को पाकर पूर्वकाल में मुनीश्वरों ने सबल इन्द्रियबल पर विजय पायी थी । विजय-प्रदाता राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ३८॥

श्रीराम ! राम ! प्रभो ! आपकी अर्चना करके बहुत-से मुनीश्वरों ने दूसरों के लिये अलभ्य परमगतिको प्राप्त कर लिया । सत्पुरुषों द्वारा पूजित राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ३९॥

श्रीराम ! राम ! एक बार भी आपके चरणारविन्द में मस्तक झुकाकर मनुष्य फिर कभी भी विपत्ति में नहीं पड़ता है । विपत्तिहारी राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ४० ॥

श्रीराम ! राम ! पूर्वकालमें राजा अम्बरीष ने आपके दासभाव में निरत रहकर सहसा अपने शत्रु अजेय अत्रिकुमार दुर्वासा को जीत लिया । नरेशपालक राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ४१ ॥

श्रीराम ! राम ! आपके प्रति सख्यभाव रखनेमात्र के गुण से अर्जुन आदि भक्तों ने दूसरों के द्वारा अप्राप्त राज्यादि सम्पत्ति प्राप्त कर ली । सखाओं के प्रिय राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ४२ ॥

श्रीराम ! राम ! जो मनुष्य आपकी सेवा में अपने शरीर को समर्पित कर देता है, वह बिना किसी प्रयास के शीघ्र ही मोक्ष प्राप्त कर लेता है । भक्तजनों को मुक्ति देनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ४३ ॥

श्रीविष्णु-विशेषता

श्रीराम ! राम ! आपके पवित्र नामों की महिमा अनन्त है । उसका कोई पार नहीं पा सकता । सहस्रमुख वाले शेषनाग अपने अशेष मुखों द्वारा भी उसका पूर्णतया वर्णन करने में समर्थ नहीं हैं । महिमा से सम्पन्न राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ४४ ॥

श्रीरामचरित्र

श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में आप सूर्यवंश में राजा दशरथ के घर माता कौसल्या के गर्भ से प्रकट हुए । निश्चय ही उस समय आप श्रीराम नाम से विख्यात हुए । सूर्यवंशमें अवतार लेनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ४५ ॥

श्रीराम ! राम ! आपके प्रिय बन्धु भरत माता कैकेयी के गर्भसे उत्पन्न हुए । माता सुमित्रा ने शत्रुघ्न और लक्ष्मण नामक दो पुत्रों को जन्म दिया । (वे दोनों भाई भी आपके परम प्रिय हैं ।) बन्धुओं के अग्रज राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ४६ ॥

श्रीराम ! राम ! आप के अवतार लेने से अयोध्या-नगरी का नाम तीनों लोकों में विख्यात और परम पावन हो गया । सुयश प्रदान करेनवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ४७ ॥

श्रीराम ! राम ! आपने तीनों भाइयों के साथ अपनी पुरी अयोध्या में नाना प्रकारकी ऐसी क्रीडाएँ कीं, जो देववृन्दके लिये भी वन्दनीय हैं । जनसाधारण को आनन्द प्रदान करनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ४८॥

श्रीराम ! राम ! बहुत थोड़े समय में आपने गुरु वसिष्ठ से सारी विद्याएँ पढ़ लीं और सम्पूर्ण कलाएँ सीख लीं । पढ़ने वालों में श्रेष्ठ राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ४९॥

श्रीराम ! राम ! तदनन्तर कौशिकवंश-विभूषण विश्वामित्र जी अपने यज्ञ में विघ्न डालनेवाले निशाचरसमुदाय का नाश करने के लिये आपको साथ ले गये । राक्षससंहारक राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ५०॥

श्रीराम ! राम ! पूर्वकालमें आपने स्वयं पधारकर अपने चरण कमलों की रजसे महर्षि गौतम की धर्मपत्नी अहल्या को पाप-ताप से रहित किया । पापापहारी राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ५१॥

श्रीराम ! राम ! उसी यात्रा में विदेहराज-नगरी मिथिला में पहुँचकर आपने राजा जनक की प्रतिज्ञा पूर्ण करने के लिये निःशङ्क होकर शङ्करजी के धनुष को तोड़ा और सीताजी के पाणिग्रहण का मङ्गलमय महोत्सव प्राप्त किया । मङ्गलकारी राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ५२॥

श्रीराम ! राम ! जनकपुर से लौटते समय पूर्वकाल में आपने मार्ग में मिले हुए राजन्यशत्रु जमदग्निनन्दन परशुराम को, जिनका घमण्ड बहुत बढ़ गया था, परास्त किया । परशुरामविजयी राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ५३॥

श्रीराम ! राम ! आपने पिताकी आज्ञासे अत्यन्त विस्तृत राज्य को त्यागकर बहुत वर्षों तक वनवास का कष्ट सहन किया । दृढप्रतिज्ञ राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ५४॥

श्रीराम ! राम ! आप-सरीखे अत्यन्त प्यारे पुत्र के वन को चले जानेपर शोक से व्याकुल राजा दशरथ निश्चय ही देवलोक को पधार गये । पिताके प्यारे राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ५५॥

श्रीराम ! राम ! वन की यात्रा के समय गङ्गा-तटपर निवास करनेवाले निषादराज गुह ने आपका बड़ा सत्कार किया था । गुह से पूजित होनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ५६॥

श्रीराम ! राम ! आपने सम्पूर्ण तीर्थों में श्रेष्ठ प्रयाग में स्नान किया । जिसके दर्शन से लोग मोक्ष प्राप्त कर लेते हैं, शिवदर्शन राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ५७॥

श्रीराम ! राम ! प्रयाग में जाकर भाई लक्ष्मण और जानकीजी के साथ आपने भरद्वाज मुनिकी वन्दना की । मुनि से सत्कृत होनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ५८॥

श्रीराम ! राम ! पूर्वकालमें (वनवासके समय) आप भाई लक्ष्मण तथा प्यारी पत्नी सीता के साथ चिरकाल तक निवास करने के लिये चित्रकूट पर्वतपर गये । वनवास के प्रेमी राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ५९॥

श्रीराम ! राम ! तदनन्तर मामा के घर गये हुए भरत वहाँ से लौटकर अयोध्यापुरी में आये । उन्होंने देखा, आपका वनवास हो गया है और पिता परलोकवासी हो चुके हैं । इससे उस समय उनके मन में बड़ी व्यथा हुई । भरताग्रज राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ६०॥

श्रीराम ! राम ! पूर्वकालमें वन में आकर भाई भरत ने आपसे अयोध्या लौट चलने की प्रार्थना की; परन्तु आपने प्रतिज्ञापूर्वक स्वीकार की हुई अपनी बात को त्यागने की इच्छा नहीं की । तीक्ष्ण व्रत का पालन करनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रय दाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ६१॥

श्रीराम ! राम ! अवश्य ही भरत ने आग्रह करके आपकी चरणपादुकाएँ प्राप्त कीं और उन्हीं को राजसिंहासन पर बिठाने के लिये आपको प्रणाम करके वे उस समय अयोध्या को लौट गये । भाइयों के प्रिय राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ६२॥

श्रीराम ! राम ! चित्रकूट से लौटने पर भरत आपकी चरणपादुकाओं को सारा राज्य समर्पित करके प्रसन्नतापूर्वक अपना कार्य सम्पादित करने लगे । मङ्गलमयी पादुकावाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ६३॥

श्रीराम ! राम ! वनमें जब आप शरभङ्ग मुनि के आश्रम में पधारे तब आपके दर्शन से प्रसन्न हुए शरभङ्ग मुनि ने प्रज्वलित अग्नि में अपने शरीर की आहुति दे आपके साकेतधाम को प्राप्त किया । मुनि को मुक्ति देनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ६४॥

श्रीराम ! राम ! निश्चय ही आपने वनचर प्राणियों का विनाश करनेवाले विराध को मारकर पृथ्वी के भीतर गड्ढे में गाड़ दिया था । खलनाशक राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ६५॥

श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में (वनवास के समय) अत्यन्त तपस्वी सुतीक्ष्ण मुनि ने आपको अपने आश्रम पर ले जाकर प्रेमपूर्वक आपका सत्कार किया था । मुनिनन्दित राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ६६ ॥

श्रीराम ! राम ! पूर्वकालमें (वनवासके समय ही) अगस्त्य मुनि ने भाई और पत्नीसहित आपका बहुत सत्कार किया था । मुनिद्वारा सम्मानित राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ६७॥

श्रीराम ! राम ! गोदावरी नदी के तट के निकट पञ्चवटी में आपने बहुत वर्षों तक अपनी कुटी बनाकर निवास किया था । ऋषियों द्वारा संस्तुत राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ६८॥

श्रीराम ! राम ! आपने निशान्तकाल (ब्रह्मवेला-) में नदी (गोदावरी आदि) के अत्यन्त निर्मल जल में जनता को शिक्षा देने के लिये प्रतिदिन स्नान किया । जनशिक्षक राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ६९॥

श्रीराम ! राम ! आपने सूने वन में लोकों के हित के लिये सम्पूर्ण शास्त्रविहित कर्मों का निश्चय ही अनुष्ठान किया था । गृहस्थों में श्रेष्ठ राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ७०॥

श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में वन में रहते समय आपने अपने छोटे भाई लक्ष्मण से भरत की साधुता के विषय में प्रेमपूर्वक अनेक कथाएँ कही थीं । भरत के प्रेमी राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ७१॥

श्रीराम ! राम ! आपकी आज्ञा पाकर आपके छोटे भाई लक्ष्मण ने तत्काल तलवार से शूर्पणखा के नाक-कान काटकर उसे कुरूप कर दिया । दुष्टों को दण्ड देनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ७२॥

श्रीराम ! राम ! अकेला होते हुए भी आपने दण्डकारण्य में चौदह हजार निशाचरों को मार डाला था । दुष्टसंहारक राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ७३॥

श्रीराम ! राम ! पूर्वकालमें घोर वनमें निवास करते समय आपने दुष्टों को मारा और विशिष्ट-संत-महात्माओं को सुखी किया । सज्जनों के प्रेमी राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ७४॥

श्रीराम ! राम ! पूर्वकालमें आपके द्वारा निशाचरगणों का संहार हुआ देख वन में मुनियों ने निकट आकर आपका स्तवन किया था । मुनियों द्वारा प्रशंसित राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ७५॥

श्रीराम ! राम ! माया से सुवर्णमय मृग का रूप धारण करनेवाला मारीच आपके द्वारा बाणसे आहत होकर "हा लक्ष्मण ! " ऐसा कहकर विलाप करता हुआ श्रीहरि के लोक में चला गया । शठनाशक राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ७६॥

श्रीराम ! राम ! अपने बन्धुजन के निधन का समाचार सुनकर लङ्कापति रावण अत्यन्त कुपित हो उठा और उसने आपकी प्राणवल्लभा सीता को हर लिया । अपनी प्रेयसी सीता के प्रेमी राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ७७॥

श्रीराम ! राम ! आपसे हीन हुई जनकराजकुमारी सीता को दशमुख रावण जब सूने वन से हरकर ले जाने लगा तब विदेहनन्दिनी इस प्रकार बोलीं - श्रीराम ! राम ! शरणदाता राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (रक्षक) हैं । राम ! राम ! (आपके चरणों में मेरी सादर वन्दना है ।) ॥ ७८॥

श्रीराम ! राम ! मृग को मारकर आप जब अपने आश्रम को लौटे तब उसे सूना देख वस्तुतः शोक से रहित होनेपर भी शोक करने लगे । पुरुषोत्तम राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ७९॥

श्रीराम ! राम ! लङ्केश्वर रावण के हाथसे मारा गया विकल जटायु आपके दर्शन से तत्काल मोक्षपद को प्राप्त हुआ । पक्षी को मुक्ति प्रदान करनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ८०॥

श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में वन के भीतर वन-जन्तुओं को खानेवाले अत्यन्त विस्तृत भुजाओं से युक्त कबन्ध को मारकर आपने उसे आग में जला दिया । रिपुदाहक राम ! राम ! श्रीरमण राम

! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ८१॥

श्रीराम ! राम ! पम्पासरोवर के समीप निवास करनेवाली शबरी आपको भक्तिभाव से प्रणाम करके कृतकृत्य हो गयी । शबरीद्वारा प्रशंसित राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ८२॥

श्रीराम ! राम ! वन में धनुष-बाण धारण किये आपको देखकर सूर्यपुत्र सुग्रीव भयभीत हो गये और उन्होंने आपके पास पवननन्दन हनुमान्जी को दूत बनाकर भेजा । वानर को कल्याण प्रदान करनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ८३॥

श्रीराम ! राम ! तदनन्तर वायुपुत्र हनुमान्जी भाईसहित आपको अपनी भुजाओं के मूलभाग-कन्धेपर बिठाकर ऋष्यमूक पर्वत के शिखरपर ले गये । वानर को वाहन बनानेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ८४॥

श्रीराम ! राम ! आपने सुग्रीव नामक श्रेष्ठ वानर के साथ अग्निके समक्ष मित्रता स्थापित की । मैत्री प्रदान करनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ८५॥

श्रीराम ! राम ! आपने स्वजन सुग्रीव का प्रिय करने के लिये अत्यन्त अभिमानी तथा अधिक बलशाली वाली को वृक्ष की ओट में खड़े होकर बाण से मार गिराया । वालि-घातक राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ८६॥

श्रीराम ! राम ! अत्यन्त बलशाली आपने सन्तुष्ट होकर अपने सखा सुग्रीव को चिरवाञ्छित राज्य प्रदान किया; क्यों कि आप एकमात्र करुणामूर्ति हैं । सुग्रीव को राज्य प्रदान करनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ८७॥

श्रीराम ! राम ! बहुसंख्यक वानरेश्वरों ने सुग्रीव के बताये हुए पथ का अनुसरण करके आपकी प्रेयसी जनकराजनन्दिनी सीता का अन्वेषण किया । प्रिया की खोज करानेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ८८॥

श्रीराम ! राम ! लङ्का से लौटे हुए हनुमान्जी ने आपसे कहा था कि प्रभो ! आपने मुझे जो वहाँ जाने की आज्ञा दी, उस आज्ञा से ही मुझे इतना बल प्राप्त हो गया कि उससे शत्रुनगरी में पहुँचकर

मैंने आपकी प्रिया सीता का दर्शन किया । अपनी प्रिया के समाचार को जानने वाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ८९॥

श्रीराम ! राम ! आप वानर-सेना के साथ समुद्र-तट पर जाकर उस अपार पारावार को देखकर भी भयभीत नहीं हुए । भय को भी भय देनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ९०॥

श्रीराम ! राम ! जब आप समुद्र के तीर पर ठहरे थे, उस समय निशाचरराज रावण का भाई विभीषण आपकी शरण में आया । कल्याणप्रद आश्रयवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ९१॥

श्रीराम ! राम ! आपके प्रार्थना करने पर भी समुद्र ने जब आपको जाने के लिये मार्ग नहीं दिया तब उसे आपने नष्ट कर देने की चेष्टा की । बलशालियों में श्रेष्ठ राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ९२॥

श्रीराम ! राम ! आपको अत्यन्त कुपित देख भयभीत हुए समुद्र ने आपके चरणों में मस्तक झुकाया और आपको जानेके लिये मार्ग दे दिया । समुद्रविजयी राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ९३॥

श्रीराम ! राम ! आप नल नामक कपीश्वर द्वारा बनाये गये पुल से समुद्र को पार करके सेनासहित लङ्का में जा पहुँचे । अपनी सेना को सागर से पार उतारने वाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ९४॥

श्रीराम ! राम ! जो देवताओं का एक प्रधान शत्रु था तथा सीताजी के अपहरण से होने वाले भारी पातक से जिसके पुण्य नष्ट हो गये थे, उस रावण को आपने मार डाला । रावणहन्ता राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ९५॥

श्रीराम ! राम ! अत्यन्त बलशाली देवशत्रु लङ्कापति रावण के मारे जानेपर ब्रह्मा आदि देवताओं ने एक साथ आकर आपकी स्तुति की । विधिसंस्तुत राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ९६॥

श्रीराम ! राम ! आपने अपनी भक्ति में तत्पर रहनेवाले विभीषण को भूमण्डलवर्ती सम्पूर्ण राक्षसों का राज्य दे दिया । निजजनों को राज्य प्रदान करने वाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ९७॥

श्रीकृष्णचरित्र

श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में आपने यदुकुल में श्रीकृष्ण नाम से उत्पन्न होकर अपने जन्म से यदुकुल को पवित्र किया था । कुलपावन राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ९८॥

श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में (श्रीकृष्णावतार के समय) तीन महीने से भी बहुत कम अवस्था वाले आपने अत्यन्त दुष्टहृदया पूतना का वध किया था । पूतनाहन्ता राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ९९॥

श्रीराम ! राम ! पहले की बात है, व्रज के व्रजेन्द्र नन्दरायजी के पुत्र होकर आपने बलवान बकासुर का विनाश किया था । बकासुरनाशक राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १००॥

श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में आपने यमुना जल में रहनेवाले सर्प कालियनाग को वश में करके उसके बहुसंख्यक मस्तकों पर आनन्दपूर्वक नृत्य किया था । नाग के ऊपर नृत्य करनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण । (आश्रयदाता) हैं ! राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १०१॥

श्रीराम ! राम ! श्रीगोकुलेश्वर के पुत्र होकर आपने निश्चय ही कंस के सेवक केशी को नष्ट कर डाला था । अश्वरूपधारी दैत्य का विदारण करने वाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १०२॥

श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में आपने मथुरा-नगरी में कुवलयापीड नामक गजराज का वध किया था । गज के मुक्तिदाता राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १०३॥

श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में आपने वसुदेव के गृह में "श्रीकृष्ण" नाम से अवतीर्ण हो अत्यन्त दुष्ट कंस को अपना मामा होनेपर भी मार डाला । दुष्ट मामा का वध करनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १०४॥

श्रीराम ! राम ! तदनन्तर आपने गुरु सान्दीपनि से विद्याएँ पढ़कर उनके हुए पुत्र को गुरुदक्षिणा के रूप में लाकर दे दिया था, गुरु को मृतपुत्र (जीवित कर के) देनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १०५॥

श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में (विदर्भयात्रा के समय) आपने शिशुपाल तथा जरासन्ध आदि राजाओं को जीतकर श्रीरुक्मिणी का बलपूर्वक अपहरण किया था । प्राणवल्लभा को हरकर लानेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १०६॥

श्रीराम ! राम ! प्राचीन काल में (युधिष्ठिर के द्यूत-प्रसङ्ग में) दुष्ट कौरवों द्वारा डरायी गयी द्रौपदी की आपने उसके स्मरण करते ही आकर रक्षा की थी । करुणासागर राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १०७॥

श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में (भौम-वध के अवसरपर) भौमासुर के नगर में पुत्रों सहित निवास करनेवाले पञ्चमुखधारी मुर नामक दैत्य का आपने वध किया था । मुरमर्दन राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १०८॥

श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में (पूर्वोक्त युद्ध के अवसर पर) आपने प्राग्ज्यौतिषपुर नगर के अधिपति के पीठ आदि भृत्यों का वध किया था । अतएव असुरहन्ता राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १०९॥

श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में जिस प्राग्ज्यौतिषपुर के स्वामी नरक का वध किया गया था वह गिरिदुर्ग से सुरक्षित था और पृथ्वी का पुत्र था तथापि आपने उसे मार ही डाला । उक्त भूमिपुत्र का वध करनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ११०॥

श्रीराम ! राम ! भौमासुर ने जिन सहस्रों राजकुमारियों का अपहरण किया था उन सबको जब आपने उसकी कैद से छुडाया, तब उन्होंने आपका ही पति के रूप में वरण कर लिया । इस प्रकार सहस्रों वनिताओं से घिरे हुए राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १११॥

श्रीराम ! राम ! पहले (कृष्णावतार की ही बात है) आपने पक्षिराज गरुड की पीठपर अपनी प्रिया सत्यभामा के साथ सवार हो स्वर्गपुरी में जाकर कल्पवृक्ष का, जो आपकी प्रिया को अभीष्ट था, हरण किया । अपनी प्रिया को अभीष्ट वस्तु देनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ११२॥

श्रीराम ! राम ! पूर्वकालमें (महाभारत-युद्ध के अवसरपर) आपने अर्जुन के रथ का सारथि बनकर उन्हें युद्ध के अग्रभाग में विजय प्रदान की थी । विजय देनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ११३॥

श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में (अनिरुद्ध को ले आने के लिये) आपने शोणितपुर में जाकर भगवान् शिव की शक्ति से सुरक्षित हुए बाणासुर को निश्चय ही पराजित कर दिया था, उस समय भगवान् शङ्कर पर भी विजय पानेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ११४॥

श्रीराम ! राम ! पूर्वकालमें वसुदेवपुत्र होकर आपने अपनी माता देवकी की याचना करने पर उनके मरे हुए पुत्रों को लाकर उन्हें दे दिया था । माता को अभीष्ट वस्तु देनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ११५॥

कविक्षमाप्रार्थना
श्रीराम ! राम ! इस विचित्र रचना वाले स्तोत्र में यदि कोई अशुद्धि रह गयी हो तो उसे आप क्षमा करने योग्य हैं - यही आपसे मेरी प्रार्थना है । कवियाचित राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ११६॥

हे हरे ! हे श्रीराम ! निश्चय ही महात्मा श्रीरामसुखदासजी महाराजके स्नेह-बल से श्रीलक्ष्मण शास्त्री द्वारा शक संवत् १८८८ में आपका यह स्तोत्र रचा गया है । यह भक्तजनों द्वारा एकमात्र जपनीय हो ॥ ११७॥

इस स्तोत्रका प्रतिदिन इक्कीस पाठ करने से पाठ करने वाले जनों का सुखपूर्वक सुन्दर रामनाम का इक्कीस हजार नौ सौ चौबीस जप निश्चय ही हो जाता है, जो भोग और मोक्षरूप फल की सिद्धि करनेवाला है ॥ ११८॥

इति पण्डितप्रवर श्रीलक्ष्मणशास्त्रिके द्वारा रचित महामन्त्रराजस्तोत्र सम्पूर्ण ।
अनुवादक - साहित्याचार्य पाण्डेय पं. रामनारायणदत्त शास्त्री “राम”

Proofread by Aruna Narayanan

श्रीमहामन्त्रराजस्तोत्रं अथवा श्रीरामनामस्तोत्रम् सार्थम्

संस्कृत सार्थ

श्रीरामो विजयते ।

मङ्गलाचरणम्

नत्वा जगत्पतिमिदं रचये त्वदीयं
स्तोत्रं १ वसन्ततिलकाह्वयवृत्तजुष्टम् ।
(१. अस्मिन् स्तोत्रे वसन्ततिलकावृत्तं सर्वत्रास्ति ।
तल्लक्षणं वृत्तरत्नाकरे प्रोक्तम्-
उक्ता वसन्ततिलका तमजा जगौगः सिंहोद्धतेयमुदिता मुनिकाश्यपेन ।
उद्धर्षणीति गदिता मुनिसैकतेन श्रीपिङ्गलेन कथिता मधुमाधवीति ॥)
श्रीराम राम “कविसंस्तुत” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १॥

अर्थ- मङ्गलाचरणश्रीराम ! राम ! मैं जगत्पति श्रीरामजीको नमस्कार करके वसन्त-तिलका नामक छन्दसे युक्त आपके इस स्तोत्र की रचना करता हूँ । कवियों द्वारा प्रशंसित राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (मैं आपको प्रणाम करता हूँ ।) ॥ १॥

श्रीविष्णुचरित्रवर्णनम्

श्रीविष्णुरूपमधिगम्य भवान् समस्तं
विश्वं च पाति सततं धृतसत्त्वशक्तिः ।
श्रीराम राम “कृतरक्षण” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ २॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! श्रीविष्णुभगवान् का रूप ग्रहण करके अपने में सत्त्वमयी शक्ति धारणकर आप सदा समस्त विश्व का पालन करते हैं । जगत् की रक्षा करनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ २॥

पूर्वं भवान् दिविषदां परमं सपत्नं
नाम्ना मधुं निहतवान् दितिजं सुदुष्टम् ।
श्रीराम राम “मधुसूदन” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ३॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! पूर्वकालमें आपने देवताओं के बहुत बड़े शत्रु अत्यन्त दुष्ट मधु नामक दैत्य को मार डाला था । मधुसूदन राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ३॥

हर्त्तुं श्रुतीः कृतमतिं च भवान् भवादौ
दैत्यं पुरा निहतवान् किल कैटभाख्यम् ।
श्रीराम राम “हतकैटभ” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ४॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! आपने पूर्वकाल में जब कि इस कल्प का आरम्भ हो रहा था, श्रुतियों के अपहरण का विचार मन में लानेवाले कैटभ नामक दैत्य को नष्ट किया था । कैटभहन्ता राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ४॥

साधून् भवानवति नैकविधैः स्वरूपैः
संसारविप्लवकरांश्च निहन्त्यसाधून् ।
श्रीराम राम “भववर्द्धन” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ५॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! आप अनेक प्रकारके स्वरूप धारण करके साधु पुरुषों की रक्षा करते हैं और संसारमें उपद्रव करने वाले दुष्टों का आप संहार कर डालते हैं । लोक का अभ्युदय करनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ५॥

धर्मं भवानवति कालबलेन लुप्तं
स्वायम्भुवादिकनृपैश्च निजांशभूतैः ।
श्रीराम राम “वृषरक्षक” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ६॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! आप कालके बल से लुप्त हुए धर्म की अपने अंशभूत-स्वायम्भुव मनु आदि नरेशों द्वारा रक्षा करते हैं । धर्मरक्षक राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ६॥

शास्त्राण्यधर्मनिरतैः कलुषीकृतानि
त्वं सर्वदाऽऽप्तवचनैर्विशदीकरोषि ।
श्रीराम राम “विमलीकर” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ७॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! आप पापपरायण पुरुषों द्वारा कलुषित किये गये शास्त्रों को सदा आप्त वचनों द्वारा विशद (निर्मल) बनाते हैं । निर्मल करनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ७॥

वव्रे पुरातिचतुरा हि समुद्रकन्या
हित्वा परान् सुरवरांश्च भवन्तमेव ।
श्रीराम राम “कमलावृत” राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ८॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में अत्यन्त चतुरा समुद्रकन्या लक्ष्मी ने दूसरे श्रेष्ठ देवताओं को त्यागकर आपका ही वरण किया था । कमलावृत राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ८॥

ब्रह्मचरित्रवर्णनम्

धृत्वा भवान् द्रुहिणमूर्त्तिमनन्यलब्धां
विश्वं ससर्ज निखिलं च रजोगुणेन ।
श्रीराम राम “सृजतां वर” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ९॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! आपने ब्रह्माजी का स्वरूप, जो दूसरे को नहीं प्राप्त है, धारणकर रजोगुणके द्वारा सम्पूर्ण जगत् की सृष्टि की है । स्रष्टाओं में श्रेष्ठ राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ९॥

शिवचरित्रवर्णनम्

धृत्वा महेश्वरतनुं च तमोगुणेन
विश्वं हरिष्यति भवान् सहसा समग्रम् ।

श्रीराम राम “भवनाशक” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १०॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! आप महादेवजी का स्वरूप (अर्थात् रुद्ररूप) धारण करके तमोगुण के द्वारा सहसा समस्त विश्व का संहार कर डालेंगे । विश्व-संहारक राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १०॥

अवतार-चरित्रवर्णनम्

त्वं दंष्ट्रया प्रलयकालजले निमग्नां
पातालतो वसुमतीं सहसोज्जहर्थ ।
श्रीराम राम “वसुधाधर” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ११॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! प्रलयकाल में जल के भीतर डूबी हुई पृथ्वी को वराहरूपधारी आप अपनी दाढ़ से सहसा उठाकर पाताल से ऊपर ले आये । इस प्रकार आपने इसका उद्धार किया । वसुधाधारी राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ११॥

स्वायम्भुवस्य तनयातनयोऽथ यज्ञो
भूत्वा भवान् सुरगणान् सुयमान् पुरापात् ।
(यथाऽऽह भागवते-स यामाद्यैः सुरगणैरपात् स्वायम्भुवान्तरमिति ।)
श्रीराम राम “सुररक्षक” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १२॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! आपने स्वायम्भुव मनु की पुत्री आकूति के गर्भ से उसके पुत्ररूप में यज्ञ नामक अवतार ग्रहण करके याम आदि सुरगणों के साथ स्वायम्भुव मन्वन्तर की रक्षा की । देवताओं की रक्षा करनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १२॥

त्वं कर्दमस्य तनुजः कपिलोऽथ भूत्वा
प्राचीकटः क्षितितले खलु साङ्ख्यशास्त्रम् ।
श्रीराम राम “मुनिपुङ्गव” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १३॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! आपने कर्दमकुमार कपिलरूप से अवतार लेकर भूतल पर साङ्ख्यशास्त्रको प्रकट किया था । मुनिशिरोमणि कपिलरूप राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण

(आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १३॥

भूत्वा त्वमत्रितनुजो विदितोऽथ दत्तः
प्राचीकशः क्षितितले नियमान् मुनीनाम् ।
श्रीराम राम “शमिनां वर” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १४॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में अत्रिके पुत्र होकर आप दत्तात्रेय के नामसे विख्यात हुए और भूतल पर आपने मुनियों के नियम प्रकाशित किये । शम-(मनोनिग्रह-) से सम्पन्न महात्माओं में सर्वश्रेष्ठ राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १४॥

धृत्वा पुरा खलु भवान् सनकादिरूपं
दध्रे व्रतं च कठिनं प्रथमाश्रमस्य ।
श्रीराम राम “कठिनव्रत” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १५॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में आपने सनकादि-(सनक, सनन्दन, सनातन, सनत्कुमार-) का रूप धारण करके ब्रह्मचर्याश्रम के कठिन व्रत को धारण किया था । कठिन व्रतधारी राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १५॥

नारायणो नर इति प्रथितो द्विमूर्ति-
स्तेपे भवाञ्छिवकरं हि तपोऽतितीव्रम् ।
श्रीराम राम “तपतां वर” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १६॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! आपने नारायण और नर-इन दो रूपों में प्रख्यात होकर अत्यन्त तीव्र एवं कल्याणकारी तप का अनुष्ठान किया । तपस्वीजनों में श्रेष्ठ राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १६॥

उत्तानपादतनयः कृपया तवैव
लेभे ध्रुवो ध्रुवपदं त्रिदशैकवन्द्यम् ।
श्रीराम राम “करुणाकर” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १७॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! राजा उत्तानपाद के पुत्र ध्रुव ने आपकी ही कृपासे देवताओं के लिये एकमात्र वन्दनीय ध्रुवपद को प्राप्त किया था । करुणाकर राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १७॥

भूत्वा पृथुस्त्वमवनौ प्रथितप्रभावः
पृथ्वीं दुदोहिथ पुरा जनताहिताय ।
श्रीराम राम "जनतेष्टद" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १८॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में पृथ्वी पर राजा पृथु के रूप में अवतीर्ण हो आपने अपने प्रभाव का विस्तार किया और जनता के हित के लिये गोरूपधारिणी पृथ्वी का दोहन किया । जनताके अभीष्ट दाता राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १८॥

भूत्वर्षभो नृपवरस्य गृहे च नाभेः
प्रादीदृशः परमहंसपथं पुरा त्वम् ।
श्रीराम राम "मुनिपूजित" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १९॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल की बात है, आपने नृपतिश्रेष्ठ नाभि के घर में ऋषभदेव के रूप में अवतीर्ण हो परमहंसों के आदर्श पथ का प्रदर्शन किया । मुनिपूजित राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १९॥

सत्रे विधातुरुदभूच्च भवान् हयास्यो
यच्छ्वासतः समभवञ्छ्रुतयः समस्ताः ।
श्रीराम राम "हयमस्तक" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ २०॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! आप ब्रह्माजी के यज्ञ में भगवान् हयग्रीव के रूप में अवतीर्ण हुए, जिनके श्वास से समस्त श्रुतियाँ आविर्भूत हुईं । हयग्रीव-रूपधारी राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ २०॥

त्वं प्रत्यदाः प्रलयकालजलेऽथ लुप्तान्
मत्स्यात्मना निखिलवेदगणान् विधात्रे ।
श्रीराम राम "सलिलेचर" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ २१॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! आपने मत्स्यरूप में अवतार लेकर प्रलयकाल के जल में लुप्त हुए समस्त वेद ढूँढ निकाले और ब्रह्माजी को पुनः लौटा दिये । प्रलयकालिक जलराशि में विचरनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ २१॥

पृष्ठेन मन्दरगिरिं किल कूर्ममूर्त्या
पूर्वं भवानमरदैत्यकृते दधार ।
श्रीराम राम “धृतमन्दर” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ २२॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! पूर्वकालमें आपने कूर्मरूप धारण करके देवताओं तथा दैत्यों के हित के लिये अपनी पीठ पर निश्चय ही मन्दराचल धारण किया था । मन्दराचलधारी राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ २२॥

सत्यं विधातुमवनौ निजभक्तवाक्यं
स्तम्भादजायत भवान् नृहरिस्वरूपः ।
श्रीराम राम “जगदात्मक” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ २३॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! आपने भूतल पर अपने भक्त की वाणी को सत्य कर दिखानेके लिये नृसिंहरूप धारण करके खम्भ से अपने-आपको प्रकट किया । जगत्स्वरूप राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ २३॥

पूर्वं त्रिकूटशिखरे गजराजमेकं
ग्राहादमोचयदमोघबलो भवांश्च ।
श्रीराम राम “गजरक्षक” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ २४॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! आपका बल अमोघ है, आपने पूर्वकालमें त्रिकूट पर्वत के शिखर पर एक गजराज को ग्राह के मुख से छुडाया था । गजरक्षक राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ २४॥

भूत्वा भवान् कपटवामनरूपधारी
भूमिं बलेश्च हृतवांस्त्रिपदच्छलेन ।
श्रीराम राम “विबुधेष्टद” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ २५॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! आपने मायासे वामनरूप धारण करके तीन पग के बहाने राजा बलि से सारी पृथ्वी ही ले ली । देवताओं को अभीष्ट वर देने वाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ २५॥

ज्ञानं भवानुपदिदेश पुरा मुनिभ्यो
हंसस्वरूपमवलम्ब्य निगूढतत्त्वम् ।
श्रीराम राम "मुनिवन्दित" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ २६॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! पूर्वकालमें हंसका स्वरूप धारण करके आपने मुनियों को निगूढ तत्त्वज्ञानका उपदेश दिया था । मुनिवन्दित राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ २६॥

धृत्वा भवान् प्रतियुगं मनुरूपमेवं
पाति प्रजाः खलु खलान् निखिलान् निहन्ति ।
श्रीराम राम "जनपालक" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ २७॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! आप प्रत्येक युगमें मनु का रूप धारण करके निश्चय ही प्रजाजनों का पालन तथा समस्त दुष्टों का नाश करते हैं । जनपालक राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ २७॥

धन्वन्तरिः क्षितितलेऽत्र भवांश्च भूत्वा
नाम्ना नृणां गदगणं सततं क्षिणोति ।
श्रीराम राम "गदनाशक" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ २८॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! आप इस भूतलपर धन्वन्तरिके नामसे अवतीर्ण हो सदा ही मनुष्यों के रोग-समूह का विनाश करते रहे हैं । रोगनाशक राम राम । श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ २८॥

भूत्वा पुरा भृगुकुले किल पर्शुराम-
स्त्वं नैकवारमवधीर्नृपतीन् नृशंसान् ।
श्रीराम राम "भृगुनन्दन" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ २९॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! यह प्रसिद्ध है कि आपने पूर्वकाल में भृगुकुल में परशुराम नाम से अवतीर्ण हो अनेक बार यहाँ के नृशंस (निर्दय) नरेशों का वध किया था । भृगुकुलनन्दन राम राम !

श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ २९॥

भूत्वा भवान् रघुकुले किल रामनाम्ना
लङ्केश्वरं निहतवान् जगतां हिताय ।
श्रीराम राम “रघुनन्दन” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ३०॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! निश्चय ही रघुकुल में राम-नामसे अवतीर्ण हो आपने तीनों लोकों के हित के लिये लङ्कापति रावण का वध किया था । रघुनन्दन राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ३०॥

भूत्वा भवान् यदुकुले किल कृष्णनामा
कंसादिकान् निहतवान् नितरां नृशंसान् ।
श्रीराम राम “यदुनन्दन” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ३१॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! यह भी प्रसिद्ध है कि आपने यदुकुल में श्रीकृष्णनाम से अवतार लेकर कंस आदि अत्यन्त क्रूर असुरों का संहार किया । यदुकुलनन्दन राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ३१॥

भूत्वा पराशरसुतोऽथ भवान् सुगूढं
व्यासाह्वयःश्रुतिगणं सरलं व्यधत्त ।
श्रीराम राम “मुनिनायक” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ३२॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! आपने पराशरपुत्र व्यासके नामसे प्रसिद्ध हो अत्यन्त गूढ अभिप्रायवाली श्रुतियों को सरल-सुबोध बनाया । मुनिनायक राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ३२॥

पूर्वं भवान् क्षितितले खलु बुद्धनामा
भूत्वातिशुद्धचरितोऽकृत जीवरक्षाम् ।
श्रीराम राम “विजितेन्द्रिय” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ३३॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में भूतल पर बुद्धनाम से अवतीर्ण हो अत्यन्त शुद्धचरित्र रहकर आपने जीवों की रक्षा की (अहिंसा का उपदेश दिया) । इन्द्रियविजयी राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ३३॥

कल्किस्वरूपमधिगम्य भवान् युगान्ते
नष्टं करिष्यति नृणां कलिकालकष्टम् ।
श्रीराम राम “कलिनाशक” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ३४॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! आप कलियुग के अन्त में कल्किस्वरूप धारणकर मनुष्यों के कलिकालजनित कष्ट को नष्ट करेंगे । कलिनाशक राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है) ॥ ३४॥

नवधा भक्तिवर्णनम्

श्रुत्वा पुरातिविमलं चरितं त्वदीयं
राजा परीक्षिदभिधो हरिलोकमापत् ।
श्रीराम राम “नृपमोक्षद” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ३५॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! पूर्वकालमें परीक्षित् नाम वाले राजा आपके अत्यन्त निर्मल चरित्रको सुनकर विष्णुधामको प्राप्त हो गये । नरेश को मोक्ष देनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ३५॥

त्वत्कीर्तनं सकलमङ्गलवृन्दमूलं
प्रोक्तं बुधैर्निखिलपापविनाशबीजम् ।
श्रीराम राम “शिवकीर्तन” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ३६॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! आपके नाम, गुण और लीलाओं का कीर्तन समस्त मङ्गलसमुदायका मूल है तथा सम्पूर्ण पापों के विनाश का मुख्य कारण है - यह बात विद्वान् पुरुषों ने बतायी है । मङ्गलमय कीर्तनवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ३६॥

त्वत्संस्मृतिर्हरति भीतिमरातिजाता-
मेवं वदन्ति मुनयो विदितेतिहासाः ।
श्रीराम राम “रिपुभीहर” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ३७॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! आपका स्मरण शत्रुजनित भय को हर लेता है, इतिहास के ज्ञाता मुनि ऐसा कहते हैं । शत्रुभयहारी राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ३७॥

त्वत्पादसेवनबलं प्रबलं च लब्ध्वा
जिग्युः पुरेन्द्रियबलं सबलं मुनीन्द्राः ।
श्रीराम राम “जयदायक” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ३८॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! आपके चरणों की सेवारूप प्रबलशक्ति को पाकर पूर्वकाल में मुनीश्वरों ने सबल इन्द्रियबल पर विजय पायी थी । विजय-प्रदाता राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ३८॥

कृत्वार्चनं तव विभो बहवो मुनीन्द्राः
प्रापुर्गतिं च परमामपरैरलभ्याम् ।
श्रीराम राम “सुजनार्चित” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ३९॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! प्रभो ! आपकी अर्चना करके बहुत-से मुनीश्वरों ने दूसरों के लिये अलभ्य परमगतिको प्राप्त कर लिया । सत्पुरुषों द्वारा पूजित राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ३९॥

नत्वैकदापि भवतश्चरणारविन्दं
प्राप्नोति नैव विपदं पुरुषः कदापि ।
श्रीराम राम “विपदाहर” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ४०॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! एक बार भी आपके चरणारविन्द में मस्तक झुकाकर मनुष्य फिर कभी भी विपत्ति में नहीं पड़ता है । विपत्तिहारी राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ४०॥

त्वद्दासभावनिरतोऽथ पुराम्बरीषः
शत्रुं जिगाय निजमत्रिसुतं ह्यजेयम् ।
श्रीराम राम “नृपपालक” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ४१॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! पूर्वकालमें राजा अम्बरीष ने आपके दासभाव में निरत रहकर सहसा अपने शत्रु अजेय अत्रिकुमार दुर्वासा को जीत लिया । नरेशपालक राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ४१ ॥

मित्रत्वमात्रगुणतो भवतोऽर्जुनाद्या
राज्यादिसम्पदमवापुरनन्यलभ्याम् ।
श्रीराम राम “सखिवल्लभ” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ४२ ॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! आपके प्रति सख्यभाव रखनेमात्र के गुण से अर्जुन आदि भक्तों ने दूसरों के द्वारा अप्राप्त राज्यादि सम्पत्ति प्राप्त कर ली । सखाओं के प्रिय राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ४२ ॥

कुर्वन्नरः सततमात्मनिवेदनं ते
प्राप्नोति मुक्तिमचिरेण विना प्रयासम् ।
श्रीराम राम “जनमुक्तिद” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ४३ ॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! जो मनुष्य आपकी सेवा में अपने शरीर को समर्पित कर देता है, वह बिना किसी प्रयास के शीघ्र ही मोक्ष प्राप्त कर लेता है । भक्तजनों को मुक्ति देनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ४३ ॥

श्रीविष्णुविशेषता

त्वत्पुण्यनाममहिमानमनन्तपारं
शेषोऽप्यशेषवदनैर्गदितुं न शक्तः ।
श्रीराम राम “महिमोर्जित” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ४४ ॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! आपके पवित्र नामों की महिमा अनन्त है । उसका कोई पार नहीं पा सकता । सहस्रमुख वाले शेषनाग अपने अशेष मुखों द्वारा भी उसका पूर्णतया वर्णन करने में समर्थ नहीं हैं । महिमा से सम्पन्न राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ४४ ॥

श्रीरामचरित्रम्

पूर्वं भवान् दशरथस्य गृहेऽर्कवंशे
कौशल्यया समभवत् खलु रामनामा ।
श्रीराम राम "रविवंशज" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ४५॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में आप सूर्यवंश में राजा दशरथ के घर माता कौसल्या के गर्भ से प्रकट हुए । निश्चय ही उस समय आप श्रीराम नाम से विख्यात हुए । सूर्यवंशमें अवतार लेनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ४५॥

सूते स्म चाश्वपतिजा भरतं प्रियं ते
श्रीलक्ष्मणं रिपुहणं च सुतं सुमित्रा ।
श्रीराम राम "सहजाग्रज" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ४६ ॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! आपके प्रिय बन्धु भरत माता कैकेयी के गर्भसे उत्पन्न हुए । माता सुमित्रा ने शत्रुघ्न और लक्ष्मण नामक दो पुत्रों को जन्म दिया । (वे दोनों भाई भी आपके परम प्रिय हैं ।) बन्धुओं के अग्रज राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ४६ ॥

त्वज्जन्मनाथ समभून्नगरी त्वयोध्या
लोकत्रये विदितपावननामधेया ।
श्रीराम राम "सुयशःप्रद" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ४७॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! आप के अवतार लेने से अयोध्या-नगरी का नाम तीनों लोकों में विख्यात और परम पावन हो गया । सुयश प्रदान करेनवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ४७॥

भ्रातृत्रयेण सहितोऽथ भवान् स्वपुर्यां
क्रीडाश्चकार विविधाः सुरवृन्दवन्द्याः ।
श्रीराम राम "जनरञ्जन" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ४८॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! आपने तीनों भाइयों के साथ अपनी पुरी अयोध्या में नाना प्रकारकी ऐसी क्रीडाएँ कीं, जो देववृन्दके लिये भी वन्दनीय हैं । जनसाधारण को आनन्द प्रदान करनेवाले राम

! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ४८॥

स्वल्पीयसा च समयेन भवान् वसिष्ठाद्
विद्याः पपाठ सकला निखिलाः कलाश्च ।
श्रीराम राम "पठतां वर" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ४९॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! बहुत थोड़े समय में आपने गुरु वसिष्ठ से सारी विद्याएँ पढ़ लीं और सम्पूर्ण कलाएँ सीख लीं । पढ़ने वालों में श्रेष्ठ राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ४९॥

नीतो भगवान् कुशिकवंशविभूषणेन
हन्तुं निशाचरगणं मखविघ्नहेतुम् ।
श्रीराम राम "हतराक्षस" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ५०॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! तदनन्तर कौशिकवंश-विभूषण विश्वामित्र जी अपने यज्ञ में विघ्न डालनेवाले निशाचरसमुदाय का नाश करने के लिये आपको साथ ले गये । राक्षससंहारक राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ५०॥

गत्वा स्वपादरजसाथ विधूतपापां
पूर्वं भवानकृत गौतमधर्मपत्नीम् ।
श्रीराम राम "हतकल्मष" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ५१॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! पूर्वकालमें आपने स्वयं पधारकर अपने चरण कमलों की रजसे महर्षि गौतम की धर्मपत्नी अहल्या को पाप-ताप से रहित किया । पापापहारी राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ५१॥

निर्भज्य शङ्करधनुस्त्वमशङ्कयैव
सीताकरग्रहणमङ्गलमाप्तवान् वै ।
श्रीराम राम "कृतमङ्गल" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ५२॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! उसी यात्रा में विदेहराज-नगरी मिथिला में पहुँचकर आपने राजा जनक की प्रतिज्ञा पूर्ण करने के लिये निःशंङ्क होकर शङ्करजी के धनुष को तोड़ा और सीताजी के

पाणिग्रहण का मङ्गलमय महोत्सव प्राप्त किया । मङ्गलकारी राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ५२॥

मार्गे व्रजन् विजितवान् किल जामदग्न्यं
पूर्वं भवान् नृपरिपुं च विवृद्धदर्पम् ।
श्रीराम राम "जितभार्गव" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ५३॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! जनकपुर से लौटते समय पूर्वकाल में आपने मार्ग में मिले हुए राजन्यशत्रु जमदग्निनन्दन परशुराम को, जिनका घमण्ड बहुत बढ़ गया था, परास्त किया । परशुरामविजयी राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ५३॥

पित्राज्ञयातिविपुलं च विसृज्य राज्यं
सेहे भवान् बहुसमा वनवासकष्टम् ।
श्रीराम राम "दृढसंश्रव" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ५४॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! आपने पिताकी आज्ञासे अत्यन्त विस्तृत राज्य को त्यागकर बहुत वर्षों तक वनवास का कष्ट सहन किया । दृढप्रतिज्ञ राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ५४॥

भूपस्त्वयि प्रियतमे च वनं प्रयाते
शोकाकुलोऽथ गतवान् किल देवलोकम् ।
श्रीराम राम "जनकप्रिय" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ५५॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! आप-सरीखे अत्यन्त प्यारे पुत्र के वन को चले जानेपर शोक से व्याकुल राजा दशरथ निश्चय ही देवलोक को पधार गये । पिताके प्यारे राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ५५॥

गङ्गातटे निवसता हि गुहाभिधेन
दाशाधिपेन च भवान् बहु सत्कृतोऽभूत् ।
श्रीराम राम "गुहपूजित" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ५६॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! वन की यात्रा के समय गङ्गा-तटपर निवास करनेवाले निषादराज गुह ने आपका बड़ा सत्कार किया था । गुह से पूजित होनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ५६॥

सस्नौ भवान् सकलतीर्थवरे प्रयागे
यद्दर्शनादपि जनो लभतेऽपवर्गम् ।
श्रीराम राम “शिवदर्शन” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ५७॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! आपने सम्पूर्ण तीर्थों में श्रेष्ठ प्रयाग में स्नान किया । जिसके दर्शन से लोग मोक्ष प्राप्त कर लेते हैं, शिवदर्शन राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ५७॥

भ्रात्रा युतो जनकजासहितो भवान् वै
द्वाजं मुनिं च भरपूर्वपदं ववन्दे ।
श्रीराम राम “मुनिसत्कृत” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ५८॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! प्रयाग में जाकर भाई लक्ष्मण और जानकीजी के साथ आपने भरद्वाज मुनिकी वन्दना की । मुनि से सत्कृत होनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ५८॥

भ्रात्रा युतो दयितया च भवान् पुरा वै
स्थातुं चिराय समगादथ चित्रकूटम् ।
श्रीराम राम “विपिनप्रिय” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ५९॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! पूर्वकालमें (वनवासके समय) आप भाई लक्ष्मण तथा प्यारी पत्नी सीता के साथ चिरकाल तक निवास करने के लिये चित्रकूट पर्वतपर गये । वनवास के प्रेमी राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ५९॥

आगत्य मातुलगृहाद् भरतस्त्वयोध्यां
दृष्ट्वा स्वतातनिधनं व्यथितस्तदाभूत् ।
श्रीराम राम “भरताग्रज” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ६०॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! तदनन्तर मामा के घर गये हुए भरत वहाँ से लौटकर अयोध्यापुरी में आये । उन्होंने देखा, आपका वनवास हो गया है और पिता परलोकवासी हो चुके हैं । इससे उस समय उनके मन में बड़ी व्यथा हुई । भरताग्रज राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ६०॥

भ्रात्रार्थितो विपिनमेत्य भवान् पुरा वै
वाक्यं प्रतिश्रुतमहो न विहातुमैच्छत् ।
श्रीराम राम "निशितव्रत" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ६१॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! पूर्वकालमें वन में आकर भाई भरत ने आपसे अयोध्या लौट चलने की प्रार्थना की; परन्तु आपने प्रतिज्ञापूर्वक स्वीकार की हुई अपनी बात को त्यागने की इच्छा नहीं की । तीक्ष्ण व्रत का पालन करनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रय दाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ६१॥

कृत्वाऽऽग्रहं च भरतस्तव पादुके वै
लब्ध्वा प्रणम्य च तदा गतवानयोध्याम् ।
श्रीराम राम "सहजप्रिय" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ६२॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! अवश्य ही भरत ने आग्रह करके आपकी चरणपादुकाएँ प्राप्त कीं और उन्हीं को राजसिंहासन पर बिठाने के लिये आपको प्रणाम करके वे उस समय अयोध्या को लौट गये । भाइयों के प्रिय राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ६२॥

प्रत्यागतोऽथ भरतस्तव पादुकाभ्यां
राज्यं समर्प्य मुदितो विदधे स्वकार्यम् ।
श्रीराम राम "शिवपादुक" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ६३॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! चित्रकूट से लौटने पर भरत आपकी चरणपादुकाओं को सारा राज्य समर्पित करके प्रसन्नतापूर्वक अपना कार्य सम्पादित करने लगे । मङ्गलमयी पादुकावाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ६३॥

त्वद्दर्शनेन मुदितः शरभङ्गनामा
हुत्वा स्वदेहमनले हरिलोकमाप ।

श्रीराम राम "मुनिमुक्तिद" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ६४॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! वनमें जब आप शरभङ्ग मुनि के आश्रम में पधारे तब आपके दर्शन से प्रसन्न हुए शरभङ्ग मुनि ने प्रज्वलित अग्नि में अपने शरीर की आहुति दे आपके साकेतधाम को प्राप्त किया । मुनि को मुक्ति देनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ६४॥

हत्वा वनेचरविनाशकरं विराधं
निक्षिप्तवान् खलु भवान् क्षितिगर्भगर्ते ।
श्रीराम राम "खलनाशक" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ६५॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! निश्चय ही आपने वनचर प्राणियों का विनाश करनेवाले विराध को मारकर पृथ्वी के भीतर गड्ढे में गाड़ दिया था । खलनाशक राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ६५॥

पूर्वं सुतीक्ष्णमुनिनातितपस्विना त्वं
प्रीत्या निजाश्रममितोऽथ सभाजितोऽभूः ।
श्रीराम राम "मुनिनन्दित" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ६६॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में (वनवास के समय) अत्यन्त तपस्वी सुतीक्ष्ण मुनि ने आपको अपने आश्रम पर ले जाकर प्रेमपूर्वक आपका सत्कार किया था । मुनिनन्दित राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ६६॥

पूर्वं भवांश्च मुनिनाथ घटोद्भवेन
भ्रात्रा स्त्रिया च सहितो बहुसत्कृतोऽभूत् ।
श्रीराम राम "मुनिमानित" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ६७॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! पूर्वकालमें (वनवासके समय ही) अगस्त्य मुनि ने भाई और पत्नीसहित आपका बहुत सत्कार किया था । मुनिद्वारा सम्मानित राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ६७॥

गोदावरीतटसमीपगपञ्चवट्यां
चक्रे भवान् बहुसमा वसतिं स्वकीयाम् ।

श्रीराम राम “ऋषिसंस्तुत” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ६८॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! गोदावरी नदी के तट के निकट पञ्चवटी में आपने बहुत वर्षों तक अपनी कुटी बनाकर निवास किया था । ऋषियों द्वारा संस्तुत राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ६८॥

नद्या जलेऽतिविमले च निशान्तकाले
सस्नौ भवान् प्रतिदिनं जनशिक्षणाय ।
श्रीराम राम “जनशिक्षक” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ६९॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! आपने निशान्तकाल (ब्रह्मवेला-) में नदी (गोदावरी आदि) के अत्यन्त निर्मल जल में जनता को शिक्षा देने के लिये प्रतिदिन स्नान किया । जनशिक्षक राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ६९॥

चक्रे च शास्त्रविहिताः सकलाः क्रियाश्च
शून्ये वने खलु भवान् जगतां हिताय ।
श्रीराम राम “गृहिणां वर” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ७०॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! आपने सूने वन में लोकों के हित के लिये सम्पूर्ण शास्त्रविहित कर्मों का निश्चय ही अनुष्ठान किया था । गृहस्थों में श्रेष्ठ राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ७०॥

पूर्वं वने स्थितवता भवतानुजाय
प्रीत्या कथाश्च कथिता भरतस्य नैकाः ।
श्रीराम राम “भरतप्रिय” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ७१॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में वन में रहते समय आपने अपने छोटे भाई लक्ष्मण से भरत की साधुता के विषय में प्रेमपूर्वक अनेक कथाएँ कही थीं । भरत के प्रेमी राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ७१॥

श्रीलक्ष्मणस्त्वदनुजो भवतानुशिष्ट-
श्चक्रेऽसिना सपदि शूर्पणखां विरूपाम् ।
श्रीराम राम “खलदण्डद” राम राम

श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ७२॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! आपकी आज्ञा पाकर आपके छोटे भाई लक्ष्मण ने तत्काल तलवार से शूर्पणखा के नाक-कान काटकर उसे कुरूप कर दिया । दुष्टों को दण्ड देनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ७२॥

एकाक्यपि द्विगुणसप्तसहस्रसङ्ख्यान्
रात्रिञ्चरान् निहतवांश्च भवानरण्ये ।
श्रीराम राम "हतदुर्जन" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ७३॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! अकेला होते हुए भी आपने दण्डकारण्य में चौदह हजार निशाचरों को मार डाला था । दुष्टसंहारक राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ७३॥

घोरे वने निवसता भवता हि पूर्वं
दुष्टा हताश्च सुखिनो विहिता विशिष्टाः ।
श्रीराम राम "सुजनप्रिय" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ७४॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! पूर्वकालमें घोर वनमें निवास करते समय आपने दुष्टों को मारा और विशिष्ट-संत-महात्माओं को सुखी किया । सज्जनों के प्रेमी राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ७४॥

पूर्वं निशाचरगणान् निहतान् निरीक्ष्य
त्वां तुष्टुवुर्मुनिगणा विपिनेऽभिगम्य
श्रीराम राम "मुनिसंस्तुत" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ७५॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! पूर्वकालमें आपके द्वारा निशाचरगणों का संहार हुआ देख वन में मुनियों ने निकट आकर आपका स्तवन किया था । मुनियों द्वारा प्रशंसित राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ७५॥

मायासुवर्णहरिणो भवता हतश्च
हा लक्ष्मणेति विलपन् हरिलोकमाप्तः ।
श्रीराम राम "शठनाशक" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ७६॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! माया से सुवर्णमय मृग का रूप धारण करनेवाला मारीच आपके द्वारा बाणसे आहत होकर "हा लक्ष्मण ! " ऐसा कहकर विलाप करता हुआ श्रीहरि के लोक में चला गया । शठनाशक राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ७६॥

श्रुत्वा स्वबन्धुनिधनं कुपितो नितान्तं
लङ्केश्वरोऽथ हृतवान् दयितां त्वदीयाम् ।
श्रीराम राम "दयिताप्रिय" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ७७॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! अपने बन्धुजन के निधन का समाचार सुनकर लङ्कापति रावण अत्यन्त कुपित हो उठा और उसने आपकी प्राणवल्लभा सीता को हर लिया । अपनी प्रेयसी सीता के प्रेमी राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ७७॥

शून्याद् वनाद् दशमुखेन निनीयमाना
हीना त्वया जनकराजसुता ह्यवोचत् ।
श्रीराम राम "शरणप्रद" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ७८॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! आपसे हीन हुई जनकराजकुमारी सीता को दशमुख रावण जब सूने वन से हरकर ले जाने लगा तब विदेहनन्दिनी इस प्रकार बोलीं - श्रीराम ! राम ! शरणदाता राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (रक्षक) हैं । राम ! राम ! (आपके चरणों में मेरी सादर वन्दना है ।) ॥ ७८॥

हत्वा मृगं प्रतिगतोऽथ भवान् स्ववासं
शून्यं विलोक्य रहितोऽपि शुचा शुशोच ।
श्रीराम राम "पुरुषोत्तम" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ७९॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! मृग को मारकर आप जब अपने आश्रम को लौटे तब उसे सूना देख वस्तुतः शोक से रहित होनेपर भी शोक करने लगे । पुरुषोत्तम राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ७९॥

लङ्केश्वरेण निहतो विकलो जटायु-
स्त्वद्दर्शनात् सपदि मुक्तिपदं प्रपेदे ।
श्रीराम राम "खगमुक्तिद" राम राम

श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ८० ॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! लङ्केश्वर रावण के हाथसे मारा गया विकल जटायु आपके दर्शन से तत्काल मोक्षपद को प्राप्त हुआ । पक्षी को मुक्ति प्रदान करनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ८० ॥

पूर्वं वने विपिनजन्तुभुजं कबन्धं
हत्वातिविस्तृतभुजं च भवानधाक्षीत् ।
श्रीराम राम “रिपुदाहक” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ८१ ॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में वन के भीतर वन-जन्तुओं को खानेवाले अत्यन्त विस्तृत भुजाओं से युक्त कबन्ध को मारकर आपने उसे आग में जला दिया । रिपुदाहक राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ८१ ॥

पम्पासरोवरसमीपनिवासिनी त्वां
भक्त्या प्रणम्य शबरी समभूत् कृतार्था ।
श्रीराम राम “शबरीनुत” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ८२ ॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! पम्पासरोवर के समीप निवास करनेवाली शबरी आपको भक्तिभाव से प्रणाम करके कृतकृत्य हो गयी । शबरीद्वारा प्रशंसित राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ८२ ॥

दृष्ट्वा वने च शरचापधरं भवन्तं
भीतोऽर्कजः प्रहितवान् मरुतस्तनूजम् ।
श्रीराम राम “कपिशर्मद” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ८३ ॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! वन में धनुष-बाण धारण किये आपको देखकर सूर्यपुत्र सुग्रीव भयभीत हो गये और उन्होंने आपके पास पवननन्दन हनुमान्जी को दूत बनाकर भेजा । वानर को कल्याण प्रदान करनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ८३ ॥

त्वामृष्यमूकशिखरे च सहानुजं वै
वातात्मजः स्वभुजयोरधिवेश्य निन्ये ।
श्रीराम राम “हरिवाहन” राम राम

श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ८४॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! तदनन्तर वायुपुत्र हनुमान्जी भाईसहित आपको अपनी भुजाओं के मूलभाग-कन्धेपर बिठाकर ऋष्यमूक पर्वत के शिखरपर ले गये । वानर को वाहन बनानेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ८४॥

सुग्रीवनामककपिप्रवरेण सार्कं
सख्यं भवांश्च कृतवान् हुतभुक्समक्षम् ।
श्रीराम राम "सखिताप्रद" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ८५॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! आपने सुग्रीव नामक श्रेष्ठ वानर के साथ अग्निके समक्ष मित्रता स्थापित की । मैत्री प्रदान करनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ८५॥

त्वं वालिनं निहतवान् स्वजनप्रियार्थं
छन्नोऽतिदर्पसहितं प्रबलं शरेण ।
श्रीराम राम "हतजिष्णुज" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ८६॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! आपने स्वजन सुग्रीव का प्रिय करने के लिये अत्यन्त अभिमानी तथा अधिक बलशाली वाली को वृक्ष की ओट में खड़े होकर बाण से मार गिराया । वालि-घातक राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ८६॥

राज्यं चिराभिलषितं प्रददौ च सख्ये
तुष्टो भवानतिबलः करुणैकमूर्त्तिः ।
श्रीराम राम "हरिराज्यद" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ८७॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! अत्यन्त बलशाली आपने सन्तुष्ट होकर अपने सखा सुग्रीव को चिरवाञ्छित राज्य प्रदान किया; क्यों कि आप एकमात्र करुणामूर्ति हैं । सुग्रीव को राज्य प्रदान करनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ८७॥

त्वत्प्रेयसीं जनकराजसुतां विचिक्युः
सुग्रीवसूचितपथानुगता हरीशाः ।

श्रीराम राम "विचितप्रिय" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ८८॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! बहुसंख्यक वानरेश्वरों ने सुग्रीव के बताये हुए पथ का अनुसरण करके आपकी प्रेयसी जनकराजनन्दिनी सीता का अन्वेषण किया । प्रिया की खोज करानेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ८८॥

त्वच्छासनाप्तबलतोऽरिपुरे प्रिया ते
दृष्टा मयेत्यनिलजोऽकथयद् भवन्तम् ।
श्रीराम राम "विदितप्रिय" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ८९॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! लङ्का से लौटे हुए हनुमान्जी ने आपसे कहा था कि प्रभो ! आपने मुझे जो वहाँ जाने की आज्ञा दी, उस आज्ञा से ही मुझे इतना बल प्राप्त हो गया कि उससे शत्रुनगरी में पहुँचकर मैंने आपकी प्रिया सीता का दर्शन किया । अपनी प्रिया के समाचार को जानने वाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ८९॥

गत्वा भवांश्च हरिसैन्ययुतोऽब्धितीरं
दृष्ट्वा च तं जलनिधिं न भयान्वितोऽभूत् ।
श्रीराम राम "भयभीतिद" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ९०॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! आप वानर-सेना के साथ समुद्र-तट पर जाकर उस अपार पारावार को देखकर भी भयभीत नहीं हुए । भय को भी भय देनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ९०॥

त्वामाश्रितोऽभवदपाम्पतितीरयातं
भ्राता निशाचरपतेश्च विभीषणाख्यः ।
श्रीराम राम "शिवदाश्रय" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ९१॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! जब आप समुद्र के तीर पर ठहरे थे, उस समय निशाचरराज रावण का भाई विभीषण आपकी शरण में आया । कल्याणप्रद आश्रयवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ९१॥

सम्प्रार्थितोऽपि जलधिर्न ददौ यदा ते

मार्गं तदा त्वमथ तं विनिहन्तुमैच्छः ।
श्रीराम राम “बलिनां वर” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ९२॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! आपके प्रार्थना करने पर भी समुद्र ने जब आपको जाने के लिये मार्ग नहीं दिया तब उसे आपने नष्ट कर देने की चेष्टा की । बलशालियों में श्रेष्ठ राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ९२॥

भीतो निरीक्ष्य नितरां कुपितं भवन्तं
मार्गं ददौ नतशिरा भवते समुद्रः ।
श्रीराम राम “विजितार्णव” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ९३॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! आपको अत्यन्त कुपित देख भयभीत हुए समुद्र ने आपके चरणों में मस्तक झुकाया और आपको जानेके लिये मार्ग दे दिया । समुद्रविजयी राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ९३॥

तीर्त्वा नलाभिधहरीशविनिर्मितेन
त्वं सेतुनाथ गतवान् सबलो हि लङ्काम् ।
श्रीराम राम “बलतारक” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ९४॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! आप नल नामक कपीश्वर द्वारा बनाये गये पुल से समुद्र को पार करके सेनासहित लङ्का में जा पहुँचे । अपनी सेना को सागर से पार उतारने वाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ९४॥

त्वं रावणं निहतवांस्त्रिदशैकशत्रुं
सीतापहारगुरुपातकनष्टपुण्यम् ।
श्रीराम राम “हतरावण” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ९५॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! जो देवताओं का एक प्रधान शत्रु था तथा सीताजी के अपहरण से होने वाले भारी पातक से जिसके पुण्य नष्ट हो गये थे, उस रावण को आपने मार डाला । रावणहन्ता राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ९५॥

लङ्केश्वरेऽमररिपौ निहतेऽतिवीर्ये
त्वामस्तुवन् विधिमुखास्त्रिदशाः समेताः ।

श्रीराम राम “विधिसंस्तुत” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ९६॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! अत्यन्त बलशाली देवशत्रु लङ्कापति रावण के मारे जानेपर ब्रह्मा आदि देवताओं ने एक साथ आकर आपकी स्तुति की । विधिसंस्तुत राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ९६॥

राज्यं स्वभक्तिनिरताय विभीषणाय
प्रादाद् भवान् सकलभूस्थितराक्षसानाम् ।
श्रीराम राम “निजराज्यद” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ९७॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! आपने अपनी भक्ति में तत्पर रहनेवाले विभीषण को भूमण्डलवर्ती सम्पूर्ण राक्षसों का राज्य दे दिया । निजजनों को राज्य प्रदान करने वाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ९७॥

श्रीकृष्णचरित्रम्

पूर्वं भवान् यदुकुले खलु कृष्णनामा
भूत्वा कुलं स्वजनुषा कृतवान् पवित्रम् ।
श्रीराम राम “कुलपावन” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ९८॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में आपने यदुकुल में श्रीकृष्ण नाम से उत्पन्न होकर अपने जन्म से यदुकुल को पवित्र किया था । कुलपावन राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ९८॥

मासत्रयादपि बहूनवयाः पुरा च
त्वं पूतनां निहतवानतिदुष्टचित्ताम् ।
श्रीराम राम “हतपूतन” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ९९॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में (श्रीकृष्णावतार के समय) तीन महीने से भी बहुत कम अवस्था वाले आपने अत्यन्त दुष्टहृदया पूतना का वध किया था । पूतनाहन्ता राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ९९॥

पूर्वं व्रजेन्द्रतनयोऽथ भवान् व्रजे वै
भूत्वासुरं निहतवान् बलिनं बकाख्यम् ।

श्रीराम राम “बकनाशक” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १००॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! पहले की बात है, व्रज के व्रजेन्द्र नन्दरायजी के पुत्र होकर आपने बलवान बकासुर का विनाश किया था । बकासुरनाशक राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १००॥

पूर्वं निगृह्य भुजगं यमुनाजलस्थं
तन्नैकमूर्धसु भवान् मुदितो ननर्त ।
श्रीराम राम “फणिनर्तक” राम राम ।
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १०१॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में आपने यमुना जल में रहनेवाले सर्प कालियनाग को वश में करके उसके बहुसंख्यक मस्तकों पर आनन्दपूर्वक नृत्य किया था । नाग के ऊपर नृत्य करनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण । (आश्रयदाता) हैं ! राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १०१॥

श्रीगोकुलेशतनयोऽथ भवांश्च भूत्वा
त्वं केशिनं निहतवान् किल कंसभृत्यम् ।
श्रीराम राम “हयदारण” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १०२॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! श्रीगोकुलेश्वर के पुत्र होकर आपने निश्चय ही कंस के सेवक केशी को नष्ट कर डाला था । अश्वरूपधारी दैत्य का विदारण करने वाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १०२॥

पूर्वं भवान् निहतवान् मथुरानगर्यां
पीडाह्वयं कुवलयादिपदं गजेन्द्रम् ।
श्रीराम राम “गजमुक्तिद” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १०३॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में आपने मथुरा-नगरी में कुवलयापीड नामक गजराज का वध किया था । गज के मुक्तिदाता राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १०३॥

पूर्वं भवांश्च वसुदेवगृहेऽवतीर्य
कंसं स्वमातुलमपि न्यवधीत् सुदुष्टम् ।
श्रीराम राम “हतमातुल” राम राम

श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १०४॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में आपने वसुदेव के गृह में “श्रीकृष्ण” नाम से अवतीर्ण हो अत्यन्त दुष्ट कंस को अपना मामा होनेपर भी मार डाला । दुष्ट मामा का वध करनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १०४॥

सान्दीपनेरथ गुरोस्त्वमधीत्य विद्या-
स्तस्मै ह्यदा मृतसुतं गुरुदक्षिणार्थम् ।
श्रीराम राम “मृतपुत्रद” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १०५॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! तदनन्तर आपने गुरु सान्दीपनि से विद्याएँ पढ़कर उनके हुए पुत्र को गुरुदक्षिणा के रूप में लाकर दे दिया था, गुरु को मृतपुत्र (जीवित कर के) देनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १०५॥

पूर्वं विजित्य शिशुपालजरासुतादीञ्-
छ्रीरुक्मिणीमथ भवान् हृतवान् बलेन ।
श्रीराम राम “दयिताहर” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १०६॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में (विदर्भयात्रा के समय) आपने शिशुपाल तथा जरासन्ध आदि राजाओं को जीतकर श्रीरुक्मिणी का बलपूर्वक अपहरण किया था । प्राणवल्लभा को हरकर लानेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १०६॥

सन्त्रासितां कुपुरुषैः कुरुभिः पुरा वै
त्वं द्रौपदीमवितवान् स्मृतमात्र एव ।
श्रीराम राम “करुणार्णव” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १०७॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! प्राचीन काल में (युधिष्ठिर के द्यूत-प्रसङ्ग में) दुष्ट कौरवों द्वारा डरायी गयी द्रौपदी की आपने उसके स्मरण करते ही आकर रक्षा की थी । करुणासागर राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १०७॥

भौमासुरस्य नगरे ससुतं वसन्तं
पूर्वं भवान् मुरमहन् धृतपञ्चवक्त्रम् ।

श्रीराम राम “मुरमर्दन” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १०८॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में (भौम-वध के अवसरपर) भौमासुर के नगर में पुत्रों सहित निवास करनेवाले पञ्चमुखधारी मुर नामक दैत्य का आपने वध किया था । मुरमर्दन राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १०८॥

पूर्वं भवान् निहतवान् किल पीठमुख्यान्
प्राग्ज्यौतिषाख्यनगराधिपतेश्च भृत्यान् ।
श्रीराम राम “निहतासुर” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १०९॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में (पूर्वोक्त युद्ध के अवसर पर) आपने प्राग्ज्यौतिषपुर नगर के अधिपति के पीठ आदि भृत्यों का वध किया था । अतएव असुरहन्ता राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १०९॥

पूर्वं भवान् निहतवान् गिरिदुर्गगुप्तं
प्राग्ज्यौतिषाख्यनगराधिपतिं च भौमम् ।
श्रीराम राम “हतभूसुत” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ११०॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में जिस प्राग्ज्यौतिषपुर के स्वामी नरक का वध किया गया था वह गिरिदुर्ग से सुरक्षित था और पृथ्वी का पुत्र था तथापि आपने उसे मार ही डाला । उक्त भूमिपुत्र का वध करनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ११०॥

भौमाहृता नृपसहस्रसुता अवृण्वन्
निर्मोचिताश्च भवताथ भवन्तमेव ।
श्रीराम राम “वनितावृत” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ १११॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! भौमासुर ने जिन सहस्रों राजकुमारियों का अपहरण किया था उन सबको जब आपने उसकी कैद से छुडाया, तब उन्होंने आपका ही पति के रूप में वरण कर लिया । इस प्रकार सहस्रों वनिताओं से घिरे हुए राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ १११॥

स्वर्गं खगेन्द्रमधिरुह्य गतस्त्वमग्रे

कल्पद्रुमं दयितयेप्सितमाजहर्थ ।
श्रीराम राम “दयितेष्टद” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ११२॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! पहले (कृष्णावतार की ही बात है) आपने पक्षिराज गरुड़ की पीठपर अपनी प्रिया सत्यभामा के साथ सवार हो स्वर्गपुरी में जाकर कल्पवृक्ष का, जो आपकी प्रिया को अभीष्ट था, हरण किया । अपनी प्रिया को अभीष्ट वस्तु देनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ११२॥

प्रागर्जुनस्य रथसारथितामुपेत्य
प्रादाज्जयं च विजयाय भवान् रणाग्रे ।
श्रीराम राम “विजयप्रद” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ११३॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! पूर्वकालमें (महाभारत-युद्ध के अवसरपर) आपने अर्जुन के रथ का सारथि बनकर उन्हें युद्ध के अग्रभाग में विजय प्रदान की थी । विजय देनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ११३॥

गत्वाथ शोणितपुरं शिवशक्तिगुप्तं
बाणासुरं विजितवांश्च भवान् पुरा वै ।
श्रीराम राम “जितशङ्कर” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ११४॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! पूर्वकाल में (अनिरुद्ध को ले आने के लिये) आपने शोणितपुर में जाकर भगवान् शिव की शक्ति से सुरक्षित हुए बाणासुर को निश्चय ही पराजित कर दिया था, उस समय भगवान् शङ्कर पर भी विजय पानेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ११४॥

पूर्वं भवांश्च वसुदेवसुतोऽथ भूत्वा
मात्रार्थितो मृतसुतान् प्रददावमुष्यै ।
श्रीराम राम “जननीष्टद” राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ११५॥
अर्थ- श्रीराम ! राम ! पूर्वकालमें वसुदेवपुत्र होकर आपने अपनी माता देवकी की याचना करने पर उनके मरे हुए पुत्रों को लाकर उन्हें दे दिया था । माता को अभीष्ट वस्तु देनेवाले राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ११५॥

कविक्षमाप्रार्थना

स्तोत्रेऽथ चित्ररचने यदि काप्यशुद्धि-
स्तत्क्षन्तुमर्हति भवानिति मेऽर्थनास्ति ।
श्रीराम राम "कवियाचित" राम राम
श्रीराम राम शरणं मम राम राम ॥ ११६॥

अर्थ- श्रीराम ! राम ! इस विचित्र रचना वाले स्तोत्र में यदि कोई अशुद्धि रह गयी हो तो उसे आप क्षमा करने योग्य हैं - यही आपसे मेरी प्रार्थना है । कवियाचित राम ! राम ! श्रीरमण राम ! आप मेरे लिये शरण (आश्रयदाता) हैं । राम ! राम ! (आपको मेरा प्रणाम है ।) ॥ ११६॥

श्रीरामपूर्वसुखदासमहाशयानां
प्रेम्णो बलेन खलु लक्ष्मणशास्त्रिणेदम् ।
शाकेऽष्टनागगजभूमिमिते कृतं ते
स्तोत्रं हरे ! भवतु भक्तजनैकजप्यम् ॥ ११७॥

अर्थ- हे हरे ! हे श्रीराम ! निश्चय ही महात्मा श्रीरामसुखदासजी महाराजके स्नेह-बल से श्रीलक्ष्मण शास्त्री द्वारा शक संवत् १८८८ में आपका यह स्तोत्र रचा गया है । यह भक्तजनों द्वारा एकमात्र जपनीय हो ॥ ११७॥

एतत्स्तवस्य पठनाच्छशिनेत्रसङ्ख्या-
च्छ्वासैर्मितः प्रतिदिनं पठतां जनानाम् ।
जापो ध्रुवं भवति मञ्जुलरामनाम्नां
भोगापवर्गफलसिद्धिकरः सुखेन ॥ ११८॥

अर्थ- इस स्तोत्रका प्रतिदिन इक्कीस पाठ करने से पाठ करने वाले जनों का सुखपूर्वक सुन्दर रामनाम का इक्कीस हजार नौ सौ चौबीस जप निश्चय ही हो जाता है, जो भोग और मोक्षरूप फल की सिद्धि करनेवाला है ॥ ११८॥

इति पण्डितप्रवर श्रीलक्ष्मणशास्त्रिणा विरचितं
श्रीमहामन्त्रराजस्तोत्रं अथवा श्रीरामनामस्तोत्रं सम्पूर्णम् ।

इति पण्डितप्रवर श्रीलक्ष्मणशास्त्रि के द्वारा रचित महामन्त्रराजस्तोत्र सम्पूर्ण ।
अनुवादक - साहित्याचार्य पाण्देय पं. रामनारायणदत्त शास्त्री "राम"

Proofread by Aruna Narayanan

Shri Maha Mantraraja Stotram Shri Ramanama Stotram with Hindi Meaning

pdf was typeset on November 2, 2024

Please send corrections to *sanskrit@cheerful.com*